स्व.कमलादेवी नकछेद प्रसाद स्मृति......

# अग्रसेन महाविद्यालय

छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के महाराजाधिराज अग्रसेन शिक्षण समिति द्वारा संचालित पं. क्रं. छ.ग .2063

जैतूसाव मठ परिसर, पुरानी बस्ती रायपुर (छ.ग.)

फोन नं.– 77778–84998, 88710–07980

Web Add :- www.agrasencollege.net , E-mail :- info@agrasencollege.net

# 7.1.17

# Press Release

# With

# Caption & Dates

PATRAKARITA ME APAAR SAMBHAVNAYE(02-july-15)

## बदलावों के बाद भी मीडिया सजग प्रहरी : डा. परमार

- अग्रसेन कॉलेज का स्थापना दिवस आयोजित
- मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान



बच्चों को पुरस्कृत करते अतिथि व उपस्थित विद्यार्थी

रायपुर. मीडिया में करियर की असीम संभावनाएं व्याप्त है, लेकिन इस क्षेत्र में वही लोग अपनी जगह बना सकते हैं जिनकी इस क्षेत्र में रुचि हो. मीडिया एक विशाल बरगद के वृक्ष के समान है. जिसकी अनेक शाखाएं हैं. यह कहना है कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.(डॉ) मानसिंह परमार का. गुरुवार को अग्रसेन कॉलेज के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया.

मीडिया में कई विंग है जैसे पत्रकारिता, फिल्म, वेब मीडिया, रेडियो. इन सभी की रचना के अपने पैमाने हैं. इन क्षेत्रों में युवाओं की बहुत डिमांड है. श्री परमार ने बताया कि विश्व मीडिया में आज युवाओं की भरमार है. अधिक से अधिक युवाओं को ही इस क्षेत्र में प्राथमिकता दी जा रही है. भारत में भी इस क्षेत्र में असीम संभावनाएं व्याप्त है. उन्होंने कहा कि तमाम बदलावों के बावजूद मीडिया आज भी समाज का सजग प्रहरी बना हुआ है. उन्होंने महाविद्यालय को शोध केन्द्र के रूप में आगे बढ़ाने तथा वहां व्यावहारिक प्रशिक्षण का [illegible] बनाने का सुझाव भी दिया. इस अवसर पर छात्रों के प्रश्नों के समाधान के लिए रूबरू का सत्र भी हुआ. डा. परमार ने कहा कि लोकतंत्र में खबरपालिका के रूप में चौथे स्तंभ की भूमिका हमेशा अहम रही है. कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए हिंदी ग्रन्थ अकादमी के संचालक रमेश नैयर ने कहा कि जब तक संचार और अभिव्यक्ति करने की क्षमता के साथ ही पत्रकारिता की सम्भावना बनती है. उन्होंने खराब होती हिंदी और पत्रकारिता के व्यवसाय बनने से होने वाले नुकसान के प्रति विद्यार्थियों को आगाह किया. इस अवसर पर महाविद्यालय संचालन समिति के अध्यक्ष शंकरहरि अग्रवाल तथा समिति के कोषाध्यक्ष अजय दानी ने भी आयोजन में सम्मानित और पुरस्कृत विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएं दीं.

### ये हुए सम्मानित

प्रथम आने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया. इनमें तृप्ति सोनी, अनन्या राउत (बी.जे.एम.सी.), कविता अग्रवाल, शीतल वर्डे (पी.जी.डी.जे.), रिचा ठाकुर और चुनेंद्र देवांगन (कामर्स), सुमन कश्यप, (पी.जी.डी.सी.ए.), अनुराग वर्मा अर्चना द्विवेदी (बी.सी.ए.), को सम्मानित किया गया. प्रथम आने वाले विद्यार्थियों को दाऊ यदुवंशी सौमित्रलाल अग्रवाल की स्मृति में सम्मानित किया गया.

## दृष्टिकोण बदल दें, हर दुःख सुख में बदल जाएगा-साध्वी विद्युतप्रभा

रायपुर. ऋषभदेव जैन मंदिर, सदरबाजार में आयोजित धर्मसभा में साध्वी डॉ.विद्युतप्रभाश्री ने कहा, वास्तव में व्यक्ति संसार से दुःखी नहीं अपितु अपने दृष्टिकोण से या अपनी सोच से दुःखी है. उसने अपनी आंखों और मन-बुद्धि पर स्वार्थपरता का चश्मा लगा रखा है. जरूरत है तो केवल अपनी सोच को बदलने की, यह संसार तुम्हारे लिए सुखकारी हो जाएगा. अपने सगे सम्बन्धियों, मित्रों, परिचितों से अपेक्षाएं करना बंद कर दें, क्योंकि जब अपेक्षाओं की उपेक्षा होती है तो वह ज्यादा दुखदायी होती है. यह भलीभांति जान लें कि इस संसार को आप नहीं बदल सकते, न पति, न पत्नी, न पुत्र और न परिवार को बदल सकते हैं. इन सबसे भी बड़ी हकीकत तो यह है कि हमारी इच्छाओं व मान्यताओं को हमारा स्वयं का शरीर भी स्वीकार नहीं करता.

स्व.कमलादेवी नकछेद प्रसाद स्मृति......

# अग्रसेन महाविद्यालय

छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के महाराजाधिराज अग्रसेन शिक्षण समिति द्वारा संचालित पं. क्रं. छ.ग .2063

जैतूसाव मठ परिसर, पुरानी बस्ती रायपुर (छ.ग.)

फोन नं.– 77778–84998, 88710–07980

Web Add :- www.agrasencollege.net , E-mail :- info@agrasencollege.net

ESTABLISHMENT DAY OF COLLEGE (2-july-15)




पत्रकारिता का क्षेत्र विस्तृत एवं व्यापक है। अब धीरे से ही सही विद्यार्थी इस फील्ड में आगे बढ़ रहे हैं। कुछ अरसे विद्यार्थियों में पत्रकारिता विषय के प्रति रूझान बढ़ा है। वे इलेक्ट्रानिक मीडिया से बेहतर प्रिंट मीडिया में काम करना चाह रहे हैं। यह बातें गुरुवार को पुरानीबस्ती स्थित अग्रसेन कॉलेज में स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह के कार्यक्रम में सुनने को मिली।

## प्रिंट मीडिया का वर्चस्व आज भी कायम–परमार

रायपुर। स्थापना दिवस के इस कार्यक्रम 2013,14 एवं 15 में मेरिट लिस्ट में आए प्रतिभावान एवं होनहार विद्यार्थियों का सम्मान किया गया एवं ग्रीष्मकालीन गतिविधियों में अव्वल आने वाले प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में चीफ गेस्ट के रूप में कुशाभाउ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के कुलपति एमएस परमार शामिल हुए। उन्होंने 'पत्रकारिता में अपार संभावनाओं' पर चर्चा भी की। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ट पत्रकार रमेश नैय्यर ने की। उन्होंने भी 'छत्तीसगढ़ की पत्रकारिता' से विद्यार्थियों को रूबरू कराया।

### पत्रकारिता का वजूद आज भी कायम

मुख्य अतिथि एमएस परमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि इलेक्ट्रानिक मीडिया के आ जाने के बाद भी प्रिंट मीडिया का वर्चस्व आज भी कायम है। इलेक्ट्रानिक मीडिया बाद भी इसका वजूद हमेशा बना रहेगा। इसी तरह एफएम के आने से आकाशवाणी की लोकप्रियता बढ़ी है। पत्रकारिता के विज्ञापन सेक्टर में भी अपार संभावनाएं हैं। आगे इस फील्ड में आने वाले विद्यार्थियों को कम्युनिकेशन स्किल की जरूरत पड़ेगी। बेहतरीन स्पीच देने वाले एवं स्पष्ट बोलने वाले विद्यार्थियों की डिमांड रहेगी। पत्रकारिता से जुड़े सारे सेक्टर में अपार संभावनाएं हैं। वरिष्ट पत्रकार रमेश नैय्यर भी 'छत्तीसगढ़ की पत्रकारिता' से विद्यार्थियों को रूबरू कराते हुए कहा कि पत्रकारिता के शिक्षा आज बेहद ही महत्वपूर्ण हो गई है। पत्रकारों की हत्या पर उन्होंने दुख जताया और कहा कि पत्रकारों ने लोगों तक खबरें पहुंचाने के लिए जान जोखिम में डालते जानें भी गंवाई हैं। उन्होंने पत्रकारों की हत्या के संबंध में दोनों ही पक्षों पर अपनी बात रखी। इस मौके पर कॉलेज के प्राचार्य अमिते अग्रवाल सहित समस्त प्राध्यापक एवं विद्यार्थी शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन आकांक्षा दुबे ने किया।

### विद्यार्थी हुए पुरस्कृत

कार्यक्रम में 2013, 14 एवं 15 के अलग-अलग विषयों में मेरिट लिस्ट मे आने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इसमें दादू यदुवंशी लाल स्मृति सम्मान देते हुए विद्यार्थियों को 5 हजार रूपए का ईनाम दिया गया। पुरस्कार एवं सम्मान पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खिल गए।

Scanned with CamScanner

महाविद्यालय छात्रसंघ चुनाव
26/08/15

## STUDENT UNION ELECTION (26-aug-15)



26/8/15 नई दुनिया

**अग्रसेन कॉलेज : कैम्पस का करेंगे विस्तार**

अध्यक्ष : रविंद्र बिहारी अग्रवाल(एबीवीपी)
उपाध्यक्ष : शंकर तरारी(एनएसयूआई)
सचिव : आमिर खान(एनएसयूआई)
सह:सचिव : व्रावसी(एनएसयूआई)

प्राथमिकताएं : रविंद्र का कहना है कि वे कैम्पस के विस्तार के लिए काम करने की पहली प्राथमिकता रखते हैं इसके अलावा हर काम जो विद्यार्थी के हित में हो करेंगे।

रविन्द्र बिहारी

← नई दुनिया



रविन्द्र बिहारी
अग्रसेन कॉलेज
रायपुर

← नवभारत



दैनिक भास्कर

**अग्रसेन कॉलेज**

अध्यक्ष
रविंद्र अग्रवाल
(एबीवीपी)

सचिव
अमिर खान
(एनएसयूआई)

पिछली बार कब्जा : एबीवीपी

**पराजित**

अध्यक्ष
लविना शमदानी
(एनएसयूआई)

सचिव
हितेश यदु
(एबीवीपी)

← दैनिक भास्कर

Scanned with CamScanner

स्व.कमलादेवी नकछेद प्रसाद स्मृति......

# अग्रसेन महाविद्यालय

छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के महाराजाधिराज अग्रसेन शिक्षण समिति द्वारा संचालित पं. क्रं. छ.ग .2063

जैतूसाव मठ परिसर, पुरानी बस्ती रायपुर (छ.ग.)

फोन नं.— 77778—84998, 88710—07980

Web Add :- www.agrasencollege.net , E-mail :- info@agrasencollege.net

नवभारत - 15/10/15

अग्रसेन जयन्ती

AGRASEN JAYANTI CELEBRATION(12-oct-15)

## अग्रसेन जयंती पर विद्यार्थियों ने गाये भजन

➲ अग्रसेन महाविद्यालय में हुई महाआरती

**नवभारत समाचार**

रायपुर. अग्रसेन जयंती पर पुरानी बस्ती स्थित अग्रसेन महाविद्यालय में मंगलवार को महाआरती का भव्य आयोजन किया गया. इस अवसर पर महाराज अग्रसेन के साहस और शौर्य का स्मरण किया गया. आयोजन में शामिल सभी विद्यार्थियों समेत शाला परिवार ने महाराजा अग्रसेन के बनाए अनुशासन का पालन करने का संकल्प लिया. गौरतलब है कि देशभक्ति और भाई-चारे का सन्देश देने वाले महाराज अग्रसेन ने हमेशा देश और समाज की तरक्की के लिए उद्यम करने पर बल दिया.

इस मौके पर महाविद्यालय के संचालक डॉ. वीके अग्रवाल ने इस दिन के महत्व पर प्रकाश डाला. प्राचार्य अमित अग्रवाल ने भी विद्यार्थियों को अग्रसेन जयंती की शुभकामनाएं दीं. अग्रसेन महाराज की स्तुति-वंदना के उपरांत महविद्यालय के सभी संकायों के विद्यार्थियों ने आकर्षक ढंग से सजी थाली में दीये रखकर महाआरती में भाग लिया. इसके बाद प्रसाद बांटा गया. कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहा विद्यार्थियों द्वारा भक्ति रस में डूबे जसगीतों व भजनों की प्रस्तुति. आयोजन में अग्रसेन शिक्षण समिति के कोषाध्यक्ष अजय दानी, छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के पूर्व केन्द्रीय अध्यक्ष उमेश अग्रवाल, वरिष्ठ पदाधिकारी अनुराग अग्रवाल व समाज के वरिष्ठ सदस्यों सहित प्राचार्य अमित अग्रवाल प्रमुख रूप से शामिल हुए. कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापक श्रीमती कविता अग्रवाल ने किया.

**छग चेम्बर ने किया अग्रचेतना सद्भावना रथयात्रा का स्वागत**

रायपुर. छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज की ओर से चेम्बर के पदाधिकारियों ने अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन द्वारा राजधानी रायपुर में आयोजित अग्रचेतना सद्भावना रथयात्रा का बाम्बे मार्केट के सामने पुष्पमालाओं से स्वागत कर प्रसाद वितरित किया. इस मौके पर चेम्बर के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी व महामंत्री विनय कुमार बजाज, कोषाध्यक्ष अरविंद जैन, उपाध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, राधाकिशन सुंदरानी, मंत्री परमानंद जैन, सुरेश मेघानी समेत अनेक पदाधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित थे.

Scanned with CamScanner

## मुद्रा योजना युवाओं के लिए स्वरोजगार का माध्यम

**पुरानी बस्ती स्थित अग्रसेन कॉलेज मे हुई मुद्रा योजना पर कार्यशाला, अर्थशास्त्री डॉ. अशोक पारख ने युवाओं को दिए टिप्स**



रायपुर. मुद्रा बैंक का मतलब है माइक्रो यूनिट्स डेवलपमेंट्स रिफाइनेंस एजेंसी जो छोटे उद्यमियों को स्वरोजगार के लिए सस्ती ब्याज दर पर ऋण देता है। इस व्यवस्था के तहत शिशु, किशोर और तरुण ये तीन तरह के कर्ज दिए जाते है। इसका फायदा लेना हर नागरिका का अधिकार है। कुछ ऐसे ही अंदाज मे मुद्रा योजना के बारे मे स्टूडेन्ट्स को जानकारी दे रहे थे अर्थशास्त्री डॉ. अशोक पारख। मौका था पुरानी बस्ती स्थित अग्रसेन कॉलेज मे वाणिज्य विभाग द्वारा 'आर्थिक सशक्तिकरण मे प्रधानमंत्री योजना की भूमिका' (मुद्रा योजना) विषय पर आयोजित वर्कशॉप का। जहां स्टूडेन्ट्स को इस योजना से होने वाले फायदे और उनके लाभ को विशेषज्ञों ने जानकारी दी।

### खुद को पहचाने

कार्यक्रम के पहले सत्र मे अर्थशास्त्री डॉ. अशोक पारख ने बताया कि किसी भी रोजगार को शुरु करने से पहले हमे खुद के तराशने की जरूरत होती है। तभी आप एक अच्छे व्यापारी बन सकते है। वहीं, व्यापार को चलाने के लिए बेहतर मैनेजमेंट की प्लानिंग होनी चाहिए। जिसमे धन सबसे अहम भूमिका निभाता है। युवाओं को स्वालंबी बनाने और उन्हें स्वरोजगार प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुद्रा बैंक योजना की शुरुआत की। इसमे युवा, शिक्षित और प्रशिक्षित उद्यमियों की मदद के लिए इसकी शुरुआत की गई है। जिसके माध्यम से स्वयं का रोजगार खड़ा कर सकते है। उन्होंने कहा कि मुद्रा बैंक छोटे उद्यमियों को 50 रुपए से 10 लाख करोड़ तक का सस्ती ब्याज दर पर कर्ज देता है। इस योजना पर 20 हजार करोड़ लगाया जा रहा है। साथ ही इसके लिए 2000 करोड़ रुपए की क्रेडिट गारंटी रखी गई है। इस अवसर पर विशेषज्ञ आर के अग्रवाल ने भी कर्ज के लिए होने वाली बैंक प्रक्रिया के बारे मे जानकारी दी।

**ARTHIK SHASAKTIKARAN ME PRADHANMANTRI MUDRA YOJNA KI BHUMIKA(16-12-2015)**

## अपना और देश का विकास चाहते हैं तो रिस्क उठाएं, बिजनेस करें

दैनिक भास्कर



**COLLEGE SEMINAR**

सिटी रिपोर्टर • पुरानी बस्ती स्थित अग्रसेन कॉलेज में आर्थिक सशक्तिकरण और प्रधानमंत्री मुद्रा योजना पर सेमिनार आयोजित किया गया। इसमें आरके अग्रवाल ने कहा कि लोग अच्छे पैकेज पर जॉब की चाह रखते हैं, लेकिन बिजनेस शुरू करने से घबराते है। युवाओं को जोखिम लेने आगे आना होगा। नया सोचें, बिजनेस करें, इससे आपका और देश का दोनों का विकास होगा। मुद्रा योजना से फाइनेंशियल सपोर्ट लेकर आगे बढ़ सकते हैं और बिजनेस शुरू कर कर सकते हैं। उन्होंने छोटे-छोटे लोन लेकर कारोबार शुरू करने की टेक्निक भी समझाई। इस दौरान विवेक सक्सेना, अक्षय कर, डॉ. युलेंद्र राजपूत और अमित अग्रवाल सहित कई अन्य शामिल हुए।

स्व.कमलादेवी नकछेद प्रसाद स्मृति......

# अग्रसेन महाविद्यालय

छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के महाराजाधिराज अग्रसेन शिक्षण समिति द्वारा संचालित पं. क्रं. छ.ग .2063

जैतूसाव मठ परिसर, पुरानी बस्ती रायपुर (छ.ग.)

फोन नं.– 77778–84998, 88710–07980

Web Add :- www.agrasencollege.net , E-mail :- info@agrasencollege.net

18 नईदुनिया

रायपुर, सोमवार 18 जनवरी 2016

UCCHAYA SIKSHA (16-JAN-2015)

## शिक्षा ही देश और युवा के विकास में कारगर



रायपुर (निप्र)। अग्रसेन महाविद्यालय में 'स्वामी विवेकानंद तथा महामना पं. मदनमोहन मालवीय की दृष्टि में उच्च शिक्षा' विषय पर आयोजित गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि देश को और देश के युवाओं को विकास से जोड़ने के लिए शिक्षा ही सबसे कारगर साधन है।

अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन तथा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मुख्य वक्ता स्वामी प्रत्ययानंद ने कहा कि समाज के समग्र विकास के लिए स्वामी विवेकानंद के आदर्श सत्यचरित्र, निःस्वार्थ प्रेम, धैर्यपूर्ण व्यवहार और सभी का सहयोग आदि आवश्यक है। उन्होंने कहा कि गुलामी के दिनों में भारत को आत्मनिर्भर और विचारवान बनाने के लिए उच्च शिक्षा के क्षेत्र में पं मदन मोहन मालवीय ने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना करके अनुकरणीय उदाहरण पेश किया।

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में सांख्यिकी विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एसके सिंह ने कहा- बेहद गरीबी और अभाव के बीच पढ़ाई और वकालत के बावजूद पं मालवीय ने जब बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना का सपना देखा तो उनके सहयोगियों ने ही उनका उपहास किया, लेकिन वे विचलित नहीं हुए। बाद में यह कितना बड़ा संस्थान बना यह इसी बात से साबित होता है कि उस समय के महान वैज्ञानिक अलबर्ट आइंस्टीन ने भी इस संस्थान में प्रोफेसर बनने के लिए आवेदन किया था।

महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. वीके अग्रवाल ने इस आयोजन को युवाओं के लिए लाभकारी बताया और भविष्य में भी ऐसे ज्ञानवर्धक कार्यक्रम आयोजित कराने का आश्वासन दिया। प्राचार्य डॉ. युलेंद्र कुमार राजपूत ने आमंत्रित वक्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद और पं मदनमोहन मालवीय के विचारों की प्रासंगिकता आज भी कायम है। इनके विचार युवाओं को विकास की दिशा में प्रेरित करने वाले हैं। महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी अमित अग्रवाल ने भी आशा व्यक्त की कि इससे विद्यार्थियों को निश्चित रूप से लाभ होगा।

इससे पहले कार्यक्रम में स्वागत भाषण देते हुए प्राध्यापक डॉ. डाली पाण्डेय ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचारों की देश को एक बार फिर जरूरत है। खास तौर पर उच्च शिक्षा में प्रगति के लिए इनके दर्शन को अपनाना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापक कविता अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक-विद्यार्थी शामिल हुए।

स्व.कमलादेवी नकछेद प्रसाद स्मृति......

# अग्रसेन महाविद्यालय

छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के महाराजाधिराज अग्रसेन शिक्षण समिति द्वारा संचालित पं. क्रं. छ.ग .2063

जैतूसाव मठ परिसर, पुरानी बस्ती रायपुर (छ.ग.)

फोन नं.— 77778—84998, 88710—07980

Web Add :- www.agrasencollege.net , E-mail :- info@agrasencollege.net

## TANAV PRABANDHAN PAR KARYASHALA (9-feb-16)

रायपुर, मंगलवार, 9 फरवरी 2016
www.navabharat.org
जधानी
नवभारत 6

# विद्यार्थियों को परीक्षा के लिए गुरुमंत्र

- दानी स्कूल में तनाव प्रबंधन पर कार्यशाला



रायपुर. किसी भी परीक्षा में सफल होने के लिए केवल कुछ दिनों की पढ़ाई कर लेना ही काफी नहीं होता. बल्कि इसके लिए विद्यार्थियों को तनावमुक्त रहने और सही उत्तर देने भी विधि जानना भी जरुरी है. तनाव प्रबंधन पर शनिवार को अग्रसेन महाविद्यालय द्वारा जे के दानी स्कूल में आयोजित कार्यशाला में वक्ताओं ने उक्त उद्गार व्यक्त किए.

### खान- पान पर ध्यान दें

कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए प्राध्यापिका कविता अग्रवाल ने कहा कि परीक्षा के दौरान कई बार हम पूरी रात जाग जाते हैं. इसके अलावा खाने-पीनि का भी ध्यान नहीं रख पाते. इससे भी हमारी दिनचर्या प्रभावित होती है. कई बार इससे हमारी सेहत पर ही विपरीत असर पड़ने लगता है. इसलिए परीक्षा के दौरान पढ़ाई के साथ-साथ सोने और खाने का समय निश्चित रखना चाहिए. [illegible] विषयों और तथ्यों [illegible] रखने के कुछ आसान तरीके भी बताये.

### सुबह जल्दी उठकर पढ़ाई करें

प्राध्यापिका डॉ डाली पाण्डेय ने विद्यार्थियों को बताया कि परीक्षा के दिनों में विद्यार्थियों को रात में जागकर पढ़ाई करने के बजाय सुबह जल्दी उठकर पढ़ने पर ध्यान देना चाहिए. उन्होंने गुरुमंत्र देते हुए बताया कि परीक्षा के तनाव को समाप्त करने के लिए उत्तर को ध्यान से पढ़ना, दोहराना और लिखकर देखना, एक अच्छा विकल्प होता है. उन्होंने कहा कि परीक्षा में अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए अपनी क्षमता को जानना सबसे ज्यादा जरुरी है. सफलता और हमारे संकल्प के बीच केवल इतना ही अंतराल होता है कि हम परीक्षा में शामिल तो होते हैं लेकिन उसके प्रश्नों को हल करने की सही तकनीक हमें मालूम नहीं होती. कार्यशाला के अंत में विद्यार्थियों ने प्रश्न पूछे. जिनका दोनों वक्ताओं ने समाधान किया.

महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. वीके अग्रवाल और प्राचार्य डॉ. युलेंद्र कुमार राजपूत एवं एडमिनिस्ट्रेटर अमित अग्रवाल के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यशाला से विद्यार्थियों ने काफी महत्वपूर्ण जानकारियां हासिल की. इन दोनों ने प्राध्यापकों को उनके प्रयासों के लिए शुभकामनाएं भी दी. कार्यशाला में जे के दानी स्कूल में पढ़ने वाले सभी विषयों के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया.

Scanned with CamScanner

स्व.कमलादेवी नकछेद प्रसाद स्मृति......

# अग्रसेन महाविद्यालय

छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के महाराजाधिराज अग्रसेन शिक्षण समिति द्वारा संचालित पं. क्रं. छ.ग .2063

जैतूसाव मठ परिसर, पुरानी बस्ती रायपुर (छ.ग.)

फोन नं.– 77778–84998, 88710–07980

Web Add :- www.agrasencollege.net , E-mail :- info@agrasencollege.net

PURKHOTI VISIT (JOURNALISM DEPT.) (28-feb-16)

हरिभूमि रायपुर

रायपुर, रविवार, 28 फरवरी 2016

## सिटी इवेंट

### विद्यार्थियों ने की पुरखौती मुक्तांगन की सैर



रायपुर। पुरानीबस्ती स्थित अग्रसेन कॉलेज के पत्रकारिता के विद्यार्थियों ने विभाग की एचओडी आकांक्षा दुबे के नेतृत्व में पुरखौती मुक्तांगन का भ्रमण करते हुए वहां की कला संस्कृति से परिचित हुए। पहली बार वहां गए विद्यार्थियों के कुछ चीजें कौतुहल का विषय रही। जैसे वहां पर स्टेच्यू सुआ, कर्मा, पंथी, राउत, गेढ़ी आदि लोक नृत्य करते हुए एवं गोद माड़ियां के स्टेच्यू बने हुए हैं तो वहां बस्तर आर्ट से जुड़ी ढेरों मूर्तियां हैं जिनसे बस्तर के आदिवासियों के जनजीवन, रहन-सहन एवं कला संस्कृति के दर्शन मिलते हैं। शहर से कुछ दूरी पर माना से आगे स्थित यहां बस्तर की कला संस्कृति के जीवंत नजारे देखने को मिलते हैं। इस भ्रमण में 20 से अधिक विद्यार्थियों ने पुरखौती में फैली संस्कृति को करीब से जाना।

Scanned with CamScanner

स्व.कमलादेवी नकछेद प्रसाद स्मृति......

# अग्रसेन महाविद्यालय

छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के महाराजाधिराज अग्रसेन शिक्षण समिति द्वारा संचालित पं. क्रं. छ.ग .2063

जैतूसाव मठ परिसर, पुरानी बस्ती रायपुर (छ.ग.)

फोन नं.– 77778–84998, 88710–07980

Web Add :- www.agrasencollege.net , E-mail :- info@agrasencollege.net

KOUSHAL VIKASH KARYAKARAM (3-mar-16)

## टमाटर सॉस बनाकर सालभर का रोजगार पाएं

अग्रसेन महाविद्यालय पुरानी बस्ती में कौशल विकास कार्यक्रम के तहत टमाटर सॉस और शरबत बनाने का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस आयोजन के दौरान उद्यानिकी विभाग के अनुदेशक एवं प्रशिक्षण अधिकारी परदेशी महानंद ने छात्र-छात्राओं को टमाटर सॉस, टूटी-फ्रूटी और रूह-आफजा शरबत बाने की विधि से अवगत कराया।




रायपुर। इस मौके पर अपने संबोधन में परदेशी महानंद ने कहा कि यह प्रशिक्षण आज के समय में उपयोगी है, क्योंकि प्रशिक्षण को हासिल करने के बाद इसे स्वरोजगार के रूप में भी अपनी आमदनी के साधन के रूप में शुरू किया जा सकता है। कोई भी फास्ट फूड आजकल टमाटर सॉस के बिना स्वादिष्ट नहीं माना जाता। जो लोगों के घरों में एक परंपरा की तरह चल पड़ा है। खाने में टमाटर सॉस का तड़का होना बेहद जरूरी है। ऐसे में टमाटर सॉस बनाकर बारह महीने का रोजगार स्थापित किया जा सकता है। इसके अलावा छात्र-छात्राओं को स्वादिस्ट शरबत बनाने का भी प्रशिक्षण दिया गया। जो उनके लिए अत्यंत फायदेमंद साबित हुआ। महाविद्यालय में आयोजित यह प्रशिक्षण [illegible] तरह से निःशुल्क था। प्रतिभागियों को प्रशिक्षा के बाद प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में बड़ी संख्या में महिलाओं ने हिस्सा लिया।





### स्वरोजगार अपनाएं आर्थिक संकट से मुक्ति पाएं

कार्यक्रम में महाविद्यालय के डायरेक्टर डा. [illegible] अग्रवाल ने कहा कि आज के कठिन स्पर्धा के दौर में जो युवा स्वरोजगार को अपनाते हैं उनके सामने आर्थिक संकट कभी नहीं आता। इस लिहाज से यह टमाटर सॉस प्रशिक्षण कार्यक्रम एक अच्छा विकल्प है। उन्होंने युवाओं के लिए कार्यक्रम को सार्थक बताते हुए कहा कि इस तरह के स्व स्वरोजगार वाले क्षेत्रों में भी युवाओं को प्रशिक्षण दिए जाने की आवश्यकता है ताकि डिग्री धारक युवा भी स्वरोजगार पैदा कर औरों को रोजगार दे सकें।


Scanned with CamScanner

स्व.कमलादेवी नकछेद प्रसाद स्मृति......

# अग्रसेन महाविद्यालय

छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के महाराजाधिराज अग्रसेन शिक्षण समिति द्वारा संचालित पं. क्रं. छ.ग .2063
जैतूसाव मठ परिसर, पुरानी बस्ती रायपुर (छ.ग.)
फोन नं.– 77778–84998, 88710–07980
Web Add :- www.agrasencollege.net , E-mail :- info@agrasencollege.net



YUVA NITI PARICHARCHA (7-april-16)

CITY TODAY

## सफल होने के लिए प्रभावी संचार बेहद आवश्यक

### युवा नीति पर परिचर्चा का आयोजन



रायपुर. वर्तमान समय में किसी भी क्षेत्र में सफल होने के लिए प्रभावी संचार बेहद आवश्यक है. समाज के साथ-साथ देश की युवा शक्ति को सही दिशा देने में भी संचार की अहम भूमिका हो सकती है. यह बात कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मानसिंह परमार ने पुरानी बस्ती स्थित अग्रसेन महाविद्यालय में हमर पहुना कार्यक्रम के तहत बुधवार को हुए युवा नीति विषय पर परिचर्चा में कही.

डॉ. परमार ने कहा कि संचार के बिना जीवन के किसी भी आयाम में हम सफल नहीं हो सकते. कबीर, विवेकानंद और महात्मा गांधी, ये सभी अपने महान उद्देश्य में सफल हुए, क्योंकि ये महान संचारक भी थे. उन्होंने जनसंचार और पत्रकारिता शिक्षा में भी समय के साथ आवश्यक बदलाव की वकालत करते हुए कहा कि व्यावहारिक ज्ञान के बिना पत्रकारिता शिक्षा देना वास्तव में अस्पताल के बिना डॉक्टर तैयार करने जैसा ही आत्मघाती कदम होगा. इससे आखिरी में पत्रकारिता को ही नुकसान होगा. इस मौके पर महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. वीके अग्रवाल, प्राचार्य डॉ. युलेंद्र कुमार राजपूत, एडमिनिस्ट्रेटर अमित अग्रवाल, पत्रकारिता विभाग की एचओडी आकांक्षा दुबे समेत सभी विद्यार्थी मौजूद रहे.

### युवा हो रहे नशे के शिकार

डॉ. परमार ने कहा कि आज देश में 70 फीसदी आबादी युवाओं की है, लेकिन यह भी सच है कि अधिकांश युवा आज नशे के शिकार हो रहे हैं. उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए शिक्षा और रोजगार के साथ-साथ इस बात पर भी जोर दिया जाना चाहिए कि उन्हें नशे का शिकार होने से कैसे रोका जाए.

स्व.कमलादेवी नकछेद प्रसाद स्मृति......

# अग्रसेन महाविद्यालय

छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के महाराजाधिराज अग्रसेन शिक्षण समिति द्वारा संचालित पं. क्रं. छ.ग .2063

जैतूसाव मठ परिसर, पुरानी बस्ती रायपुर (छ.ग.)

फोन नं.– 77778–84998, 88710–07980

Web Add :- www.agrasencollege.net , E-mail :- info@agrasencollege.net

## VRIKSHA ROPAN (12-julu-16)

### अग्रसेन कॉलेज में लगे पौधे

रायपुर। हरियर छत्तीसगढ़ अभियान के तहत रविवार को अग्रसेन कॉलेज में पौधरोपण किया गया। इस दौरान कॉलेज के शिक्षकों द्वारा नारियल, पाम, साइकस, तुलसी, नीम, आम के पौधे लगाए गए।

नयी दुनिया 12.7.16

→ नई दुनिया 12.07.16

### पौधे लगाकर दिया पर्यावरण बचाने का संदेश

नवभारत 12.7.16

■ राजधानी रिपोर्टर । रायपुर

पुरानी बस्ती स्थित अग्रसेन कॉलेज में हरियर छत्तीसगढ़ कैंपेन के तहत सोमवार को पौधरोपण का आयोजन किया गया. इस मौके पर टीचर्स ने नारियल, पाम, साइकस, तुलसी, नीम और आम के पौधे लगाकर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया. कार्यक्रम में कॉलेज के चेयरमैन वीके अग्रवाल, प्रिंसिपल डॉ. युलेन्द्र कुमार राजपूत, अमित अग्रवाल, विकास शर्मा, एसएस अग्रवाल, डॉ. डॉली पांडे, आकांक्षा दुबे, शोभा अग्रवाल, दीपिका अवधिया समेत अन्य लोग मौजूद रहे.



⇒ नवभारत 12.07.16

दैनिक भास्कर 12.07.16

RAIPUR, TUESDAY, 12/07/2016

### स्टूडेंट्स ने रोपे औषधीय पौधे

सिटी रिपोर्टर • पुरानी बस्ती स्थित एक कालेज के स्टूडेंट्स ने पौधरोपण किया। सेहत को ध्यान में रखकर नारियल, पाम, साइकस, तुलसी और नीम सहित कई औषधीय पौधे रोपे गए। इस मौके पर कॉलेज के डॉ. वीके अग्रवाल, प्राचार्य डॉ. युलेंद्र कुमार राजपूत, प्रशासनिक अधिकारी प्रो अमित अग्रवाल ने स्टूडेंट्स को पौधों की देखभाल के लिए प्रेरित किया।



⇒ दैनिक भास्कर 12.07.16

CS Scanned with CamScanner

स्व.कमलादेवी नकछेद प्रसाद स्मृति......

# अग्रसेन महाविद्यालय

छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के महाराजाधिराज अग्रसेन शिक्षण समिति द्वारा संचालित पं. क्रं. छ.ग .2063

जैतूसाव मठ परिसर, पुरानी बस्ती रायपुर (छ.ग.)

फोन नं.— 77778—84998, 88710—07980

Web Add :- www.agrasencollege.net , E-mail :- info@agrasencollege.net

पत्रिका Plus 12.08.16

## महिलाएं उत्पीड़न के खिलाफ अपनी आवाज करें बुलंद

पत्रिका PLUS रिपोर्टर

**अग्रसेन कॉलेज में 'नारी उत्पीड़न और समाज' विषय पर वक्ताओं ने रखे विचार**



रायपुर • आज की लड़कियों में सेल्फ डिफेंस का गुर होना चाहिए, तभी वे कहीं भी सुरक्षित आ-जा सकती हैं। अगर उनका कोई पीछा करता है या फेसबुक, वाट्सएप पर परेशान करता है तो उन्हें इसकी शिकायत पुलिस को करनी चाहिए। यह बात एडिशनल एसपी वर्षा मिश्रा ने अग्रसेन कॉलेज में समाज कार्य विभाग की ओर से 'नारी उत्पीड़न और समाज' विषय पर आयोजित सेमिनार में कही। उन्होंने कहा कि जब तक महिलाएं या लड़कियां पुलिस को अपना दोस्त नहीं समझेंगी और खुलकर अपने खिलाफ हो रहे उत्पीड़न के लिए आवाज नहीं उठाएंगी, तब तक कुछ भी बदल नहीं सकता। महिलाओं को आवाज बुलंद करनी चाहिए और कुछ भी गलत सहन करने की जरूरत नहीं है। पुलिस को अपनी बातें शेयर करें, महिलाओं के लिए अलग से सेल बने हैं और टोल फ्री नंबर और वाट्सएप नंबर भी दिए गए हैं। वे शिकायत दर्ज करा सकती हैं। उनका नाम गुप्त रखा जाएगा। इस सेमिनार में प्रमुख वक्ता के रूप में छत्तीसगढ़ महाविद्यालय से डॉ सुभद्रा राठौर, दुधाधारी बजरंग महिला महाविद्यालय से डॉ. उषाकिरण अग्रवाल एवं अग्रसेन महाविद्यालय से डॉ डॉली पाण्डेय ने विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार प्रस्तुत की।

**साइबर क्राइम के बारे में बताया :** वर्षा मिश्रा ने छात्राओं को साइबर क्राइम के बारे में भी जानकारी दी और कहा कि अभी सबसे ज्यादा साइबर क्राइम के मामले आ रहे हैं, जिसमें लड़कियों के साथ ब्लैकमेलिंग के मामले सबसे ज्यादा आते हैं। गर्ल्स अपने आप को सुरक्षित और सतर्क रखें और करियर की दिशा में आगे बढ़ते रहें।

**महिलाओं को चुप नहीं बैठना चाहिए :** साहित्यकार सुभद्रा राठौर ने कहा कि आज कितना भी समाज शिक्षित हो जाए, लेकिन महिलाएं अब भी हिंसा की शिकार हो रही हैं। जबकि महिलाओं को चुप नहीं बैठना चाहिए, उन्हें खुलकर विरोध करना चाहिए।

Scanned with CamScanner

NARI UTTPIDAN ROKNE SAMBANDHI JAGRUKTA ABHIYAN(12-aug-16)

स्व.कमलादेवी नकछेद प्रसाद स्मृति.....

# अग्रसेन महाविद्यालय

छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के महाराजाधिराज अग्रसेन शिक्षण समिति द्वारा संचालित पं. क्रं. छ.ग .2063

जैतूसाव मठ परिसर, पुरानी बस्ती रायपुर (छ.ग.)

फोन नं.— 77778—84998, 88710—07980

Web Add :- www.agrasencollege.net , E-mail :- info@agrasencollege.net

हरिभूमि - 5 सितम्बर - 2016

A REPORT BY NAVBHARAT NEWSPAPER ABOUT DIRECTOR AGRASEN COLLEGE (5-sep-16)

# सोलह साल से बिना तनख्वाह बच्चों को कर रहे हैं शिक्षित

## एनआईटी से रिटायर्ड प्रोफेसर अग्रसेन कॉलेज में दे रहे सेवा

एक शिक्षक को दीपक की तरह माना जाता है जो खुद जलकर पूरे समाज को रौशन कर देता है। समाज में कई ऐसे शिक्षक भी हैं, जिन्होंने अपना सारा जीवन शिक्षा के दान में लगा दिया। राजधानी में कई ऐसे शिक्षक हैं, जो अपने कार्यों को बखूबी अंजाम दे रहे हैं।



रायपुर। ऐसे शिक्षकों को न तो नाम की चाहत होती है न ही पहचान की। लेकिन कार्य कुछ ऐसे होते है जो उनकी अलग पहचान बना देती है। पुरानी बस्ती स्थित अग्रसेन कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. व्हीके अग्रवाल भी एक ऐसे प्रोफेसर है जो पिछले 16 सालों से कॉलेज में निस्वार्थ रुप से सेवा दे रहे है। एनआईटी रायपुर में 36 साल तक प्रोफेसर रहे डॉ. अग्रवाल रिटायरमेंट के बाद से कॉलेज में अपनी सेवा दे रहे है।

रिटायरमेंट के बाद भी शिक्षा के क्षेत्र में उनकी रुचि ने उन्हें घर पर रहने नहीं दिया। एनआईटी से रिटायर्मेंट होने के दूसरे दिन से वह कॉलेज में अपनी सेवा देकर बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने का काम कर रहे है। 16 साल पहले कॉलेज में अपनी सेवा देना शुरु किए डॉ. अग्रवाल ने अब तक कॉलेज से एक रुपए भी तनख्वा नहीं ली है। उनका मानना है कि एनआईटी से रिटायरमेंट के बाद जो पेंशन मिलता है उससे उनका घर का खर्च आसानी से चल जाता है उसके बाद शिक्षा के लिए अपने समर्पण का पैसा कैसे लिया जा सकता है। अपने सेवाकाल को लेकर डॉ. अग्रवाल बताते है कि 1967 से एनआईटी का सफर शुरु हुआ था। देश के कई बेहतरीन इंजीनियर इस संस्थान से निकल चुके है। एक प्रोफेसर के रुप में शुरु हुआ सफर एनआईटी के अंतिम दौर पर एचओडी तक रहा। भौतिक शास्त्र की बेहतरीन जानकारी रखने वाले डॉ. अग्रवाल कहते है कि एनआईटी रायपुर से कई ऐसे छात्रों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाया जो आज देश के कई वरिष्ठ पदों के साथ ही सरकार में भी शामिल है। अपनी यादों को ताजा करते हुए गर्व से वह कहते है कि एनआईटी में जिन छात्रों को शिक्षा दी उनमें से कई छात्र आज भी उनसे मिलने व हाल-चाल पूछने आते रहते है। एक कार्यक्रम की यादों को ताजा करते हुए डॉ. अग्रवाल कहते है कि कार्यक्रम में एनआईटी के प्रिंसिपल के साथ ही वह भी आमंत्रित थे। कार्यक्रम की जब शुरुआत हुई तो स्वागत के साथ ही भाषण भी हुए एनआईटी के प्रिंसिपल ने जब अपना भाषण शुरु किया तब उन्होंने कहा कि मैं एक ऐसा स्टूडेंट हूं जो आज पहली बार अपने गुरु के साथ मंच साझा कर रहा हूं। डॉ. अग्रवाल सर हमारे क्लास टीचर हुआ करते थे। इस वाक्ये को सुन वाकई में जो खुशी की अनुभूति हुई वह कभी भी नहीं हो सकती है।

■ शिक्षा क्षेत्र नही छोड़ना चाहते थे, रिटायरमेंट के बाद ज्वाइन किया कॉलेज

### कॉलेज में आज तक नहीं पहुंचे लेट

पिछले 16 सालों से बिना वेतन के शिक्षा का ज्ञान फैला रहे डॉ. वीके अग्रवाल के बारे में अग्रसेन कॉलेज के प्रोफेसर अमित अग्रवाल बताते है कि कॉलेज की स्थापना सन् 2001 में की गई। पहले दिन से ही डॉ. अग्रवाल कॉलेज में अपनी सेवा दे रहे है। जब से कॉलेज में सेवा शुरु हुई एक दिन भी ऐसा नहीं हुआ जब अग्रवाल सर लेट से कॉलेज पहुंचे हो। शिक्षा को लेकर इतना उत्साहित रहते है कि सुबह 6 बजे कॉलेज पहुंचकर अपना काम शुरु कर देते है। उनकी जिम्मेदारी इतनी ही नहीं, अब डॉ. अग्रवाल पूरी तरह से प्रबंधन की जवाबदारी भी सौंपी दी गई है। डॉ. अग्रवाल न सिर्फ [illegible] एक प्रोफेसर का फर्ज निभाते है बल्कि अब वह कॉलेज के डायरेक्टर के रुप में भी अपनी सेवा दे रहे है।

### घर से कॉलेज आना भी खुद के खर्च पर

शिक्षा के प्रति उनका लगाव इतना है कि छात्रों की हर एक समस्या पर वह छात्रों के बीच ही मिलते है। कॉलेज में अपनी सेवा के लिए उनके अंदर उत्साह इतना है कि डॉ. अग्रवाल कॉलेज प्रबंधन से कुछ भी नहीं लेते है। कोटा में निवास होने की वजह से डॉ. अग्रवाल अपनी गाड़ी का इस्तेमाल कर पुरानी बस्ती स्थित कॉलेज आते है। उसके बाद भी वह अपने आने-जाने का खर्च भी खुद ही वहन करते है। इसको लेकर वह कहते है कि मैं एक शिक्षक हूं और शिक्षक हमेशा से समाज को नई राह के साथ ही समाज को बेहतर बनाने के लिए कार्य करता है। अपने समर्पण को लेकर अगर मैं कुछ लेता हूं तो वह समर्पण नहीं हो सकता है।

CS Scanned with CamScanner

स्व.कमलादेवी नकछेद प्रसाद स्मृति......

# अग्रसेन महाविद्यालय

छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के महाराजाधिराज अग्रसेन शिक्षण समिति द्वारा संचालित पं. क्रं. छ.ग .2063

जैतूसाव मठ परिसर, पुरानी बस्ती रायपुर (छ.ग.)

फोन नं.– 77778–84998, 88710–07980

Web Add :- www.agrasencollege.net , E-mail :- info@agrasencollege.net

रायपुर, शुक्रवार, 28 अक्टूबर 2016 रायपुर हरिभूमि 18

KASHMIR SURAKSHA AUR BHARATIYA NITI (PARICHARCHA) (28-oct-16)

## कश्मीर के बारे में फैले हैं कई भ्रम




रायपुर। कश्मीर को प्राप्त करना भारत के लिए कई विषयों में आवश्यक है। इसके लिए युवाओं की भूमिका सबसे ज्यादा अहम है। इसके अतिरिक्त कश्मीर के संदर्भ में कई भ्रम भी फैले हुए हैं जिसे दूर करना जरूरी है। यह कहना था पुरानी बस्ती स्थित अग्रसेन कॉलेज में कश्मीर सुरक्षा और भारतीय नीति विषय पर आयोजित गोष्ठी में पहुंचे अतिथियों का। राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच के गोलोकबिहारी राय ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि कश्मीर मुद्दे पर पड़ोसी देश के साथ हो रहे विवाद में देश के युवाओं को ही आगे आना पड़ेगा। कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और इसे अखंड भारत में शामिल करने के लिए हर स्तर पर प्रयास करना होगा। गोष्ठी में कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. वीके अग्रवाल, प्राचार्य डॉ. युलेंद्र कुमार राजपूत, एडमिनिस्ट्रेटर प्रो. अमित अग्रवाल के साथ सभी विभागों के शिक्षक व छात्र मौजूद रहे।

### सच्चाई जानना जरूरी

कश्मीर सुरक्षा और भारतीय नीति विषय पर आयोजित गोष्ठी में वक्ता के रूप में पहुंचे कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. गिरीशकान्त पाण्डेय ने कहा कि कश्मीर का केवल घाटी वाला हिस्सा अशांत है, जो आबादी वाले इलाके से अलग है। ऐसे ही कई भ्रम कश्मीर के बारे में प्रचलित हैं, जिन्हें दूर करने की जरूरत है।

Scanned with CamScanner

स्व.कमलादेवी नकछेद प्रसाद स्मृति......

# अग्रसेन महाविद्यालय

छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के महाराजाधिराज अग्रसेन शिक्षण समिति द्वारा संचालित पं. क्रं. छ.ग .2063

जैतूसाव मठ परिसर, पुरानी बस्ती रायपुर (छ.ग.)

फोन नं.– 77778–84998, 88710–07980

Web Add :- www.agrasencollege.net , E-mail :- info@agrasencollege.net

IMANDARI TATHA BRASHTACHAR UNMULAN ME JANSAHBHAGITA(PARICHARCHA)(7-nov-16)

## भ्रष्टाचार हटाने खुद के साथ-साथ दूसरों को भी संकल्पित करें




रायपुर, 6 नवंबर (देशबन्धु)। रायपुर के अग्रसेन महाविद्यालय में पंजाब नेशनल बैंक द्वारा आयोजित सतर्कता जागरुकता सप्ताह के अंतर्गत ईमानदारी तथा भ्रष्टाचार उन्मूलन में जनसहभागिता विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए पंजाब नेशनल बैंक के मुख्य प्रबंधक ने कहा कि भ्रष्टाचार को समाज से हटाने के लिए खुद के साथ-साथ दूसरों को भी संकल्पित करें। बैंक अधिकारियों की उपस्थिति में विद्यार्थियों और शिक्षकों को भ्रष्टाचार को समाप्त करने और इसके खिलाफ जनजागरूकता पैदा करने की शपथ भी दिलाई।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. युगलेन्द्र कुमार राजपूत ने बताया कि इस दौरान कई स्पर्धाओं का आयोजन भी किया गया, जिसमें विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

उन्होंने बताया कि श्रेष्ठ प्रस्तुति, विषय-वस्तु और आत्मविश्वास के आधार पर [illegible] प्रथम, [illegible] कुमार को दूसरा और पूजा कोटवार [illegible] नारायण पांडेय, परिमल चतुर्वेदी, कीर्ति तांडी, उर्वशी शम्भवानी, विशाल विश्वकर्मा और विकास अग्रवाल को भी पुरस्कृत किया गया।

**महाविद्यालय में सतर्कता जागरुकता सप्ताह का आयोजन**

स्पर्धा के समापन पर पंजाब नेशनल बैंक के मुख्य प्रबंधक डीसी तिवारी और वरिष्ठ प्रबंधक अमित पाल ने सभी विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किये। निर्णायक के रूप में इन दोनों अधिकारियों के अलावा साथ ही महाविद्यालय के पत्रकारिता संकाय के प्राध्यापक प्रो. अभिषेक कटियार भी शामिल थे। बैंक के अधिकारियों ने सभी उपस्थित विद्यार्थियों और शिक्षकों को भ्रष्टाचार को समाप्त करने और इसके खिलाफ जनजागरूकता पैदा करने की शपथ भी दिलाई। महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. वीके अग्रवाल ने कहा कि भ्रष्टाचार आज एक रोग बन चुका है। इसलिए इसका इलाज करने के लिए सख्त कदम उठाने होंगे। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. युलेंद्र कुमार राजपूत ने आभार प्रकट करते हुए कहा कि भ्रष्टाचार को जड़ से मिटाने के अभियान को युवा वर्ग ही सफल बना सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे इस ज्वलंत विषय पर हर मंच पर खुलकर अपने विचार रखें और इस अभियान में सक्रिय भागीदारी भी निभाएं।

महाविद्यालय के एडमिनिस्ट्रेटर प्रो. अमित अग्रवाल ने भी इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों को उनकी सक्रिय भागीदारी के लिए उनकी सराहना की। कार्यक्रम का संचालन पत्रकारिता विभाग के प्राध्यापक प्रो. विभाष कुमार झा ने किया। इस आयोजन में महाविद्यालय के सभी संकायों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

देशबंधु 07.11.16 Page No-16

Scanned with CamScanner

स्व.कमलादेवी नकछेद प्रसाद स्मृति......

# अग्रसेन महाविद्यालय

छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के महाराजाधिराज अग्रसेन शिक्षण समिति द्वारा संचालित पं. क्रं. छ.ग .2063

जैतूसाव मठ परिसर, पुरानी बस्ती रायपुर (छ.ग.)

फोन नं.— 77778—84998, 88710—07980

Web Add :- www.agrasencollege.net , E-mail :- info@agrasencollege.net


हरिभूमि 12-11-16 (Page No - 16)

SEMINAR ON THIRDGENDER (11-nov-16)



# महाभारत काल से समाज का हिस्सा है थर्ड जेंडर

महाभारत का युद्ध में सिखंडी नामक पात्र से समाज अच्छी तरह से परिचित है। जब उस समय समाज में उन्हें सम्मान दिया जा सकता है तो वर्तमान समाज इन तृतीय लिंग वाले समुदायों से भेदभाव क्यों कर रहा है। थर्ड जेंडर को भी सब की तरह समान अधिकार और सम्मान का जीवन जीने का हक है। यह विचार शुक्रवार को अग्रसेन महाविद्यालय में 'वर्तमान परिदृश्य में थर्ड जेंडर की सामाजिक स्वीकार्यता' विषय पर वक्ताओं ने रखे।



रायपुर। थर्ड जेंडर के जीवन से जुड़ी समस्याओं पर इस सेमिनार में चर्चा की गई। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता चुन्नीलाल शर्मा, महाविद्यालय के डायरेक्टर डा वीके अग्रवाल, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. युलेंद्र कुमार राजपूत, समाज कार्य संकाय की प्राध्यापक शबनम शेख सहित शिक्षकगण और स्टूडेंट्स बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

**सामाजिक जागरूकता जरूरी:** कार्यक्रम में विशेष वक्ता के रूप में आमंत्रित रविवि के डॉ. एलएस गजपाल ने महाभारत और रामायण काल के प्रसंग से जोड़कर तृतीय लिंग समुदाय को वर्तमान समाज का अहम हिस्सा बताया। उन्होंने कहा कि थर्ड जेंडर को समाज स्वीकारे इसके लिए सामाजिक जागरूकता जरूरी है।

## करना पड़ रहा संघर्ष

सेमिनार में थर्ड जेंडर समुदाय की प्रतिनिधि के रूप में आमंत्रित विद्या राजपूत कहा कि ने थर्ड जेंडर को बचपन से शोषण और मानसिक प्रताड़ना से जूझना पड़ता है। एक बार समाज में यह तथ्य उजागर हो जाता है तो समाज के लोग मुख्यधारा से अलग कर देते हैं। ऐसे में रोजगार और आजीविका के लिए भी बहुत संघर्ष करना पड़ता है।

## सम्मान से जीने का हक इन्हें भी

कार्यक्रम में कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय देवेन्द्र नगर के प्राध्यापक डॉ. जगदीश अग्रवानी ने कहा कि थर्ड जेंडर को समाज में अलग दृष्टि से नहीं देखा जाना चाहिए क्योंकि वे भी मनुष्य होने के नाते सामाजिक रूप से समानता का अधिकार रखते हैं। वहीं महाविद्यालय के डायरेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि थर्ड जेंडर की स्थिति आज समाज में पहले से बहुत सम्मानजनक हो गई है। अब इस वर्ग को अपने भविष्य को संवारने के लिए सरकार और समाज से हर प्रकार की मदद मिल रही है, जो अच्छा संकेत है।

Scanned with CamScanner

हरिभूमि 12-11-16 (Page No - 16)

पत्रिका 30-11-16
Page No - 11

KOUSHAL VIKASH KARYAKARAM (29-nov-16)

WORKSHOP...

# 'कौशल विकास से खत्म हो सकती है बेरोजगारी'



रायपुर ● आज के समय में युवाओं को स्नातक शिक्षा जरूर हासिल करनी चाहिए, क्योंकि आने वाले दिनों में कौशल विकास के क्षेत्र में स्नातक युवाओं के लिए बहुत सी योजनाएं शुरू हो सकती हैं। ये बातें नेशनल यूनिवर्सिटी फॉर स्टूडेंट्स स्किल डेवलपमेंट के प्रोग्राम मैनेजर प्रीतिश बेहरा ने अग्रसेन महाविद्यालय में 'उच्च शिक्षा और कौशल विकास, सम्भावनाएं एवं चुनौतियां' - विषय पर आयोजित संगोष्ठी में कही। उन्होंने कहा कि युवाओं को शिक्षा के साथ विद्या भी चाहिए, क्योंकि विद्या का सम्बन्ध ज्ञान और हुनर से है। कार्यक्रम में करियर काउंसलर डॉ. वर्षा वरवंडकर, ओपी जिंदल विवि रायगढ़ के कुलाधिपति डॉ.बीके स्थापक, महाविद्यालय के [illegible] अग्रवाल मौजूद थे।

## खुद में जुनून और लगन होना चाहिए

कार्यक्रम में डॉ. वर्षा वरवंडकर ने कौशल विकास को सीधे करियर से जोड़कर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि कौशल विकास में बेहतर परिणाम लाने के लिए इसके सभी प्रशिक्षण अंग्रेजी में न होकर हिंदी में होने चाहिए, साथ ही उन्होंने नागपुर के ऑटोचालक के जुनून का उदाहरण देते हुए बताया कि सिर्फ अपने जुनून और लगन से वह ऑटोचालक बाद में हवाई जहाज का पायलट बनने में सफल हुआ। उन्होंने कहा कि कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए छोटे संस्थानों को प्रोत्साहित किया जाए, जिससे सभी वर्ग तक कौशल विकास की शिक्षा पहुंच सके।

Scanned with CamScanner

सीटी भास्कर पेज-16
02/12/2016

टिविटी

EXPERT LECTURE ON WEB JOURNALISM (2-dec-16)

## क्लिक्स से होती है वेब की रैंकिंग

सिटी रिपोर्टर • पुरानी बस्ती स्थित अग्रसेन कॉलेज में वेब जर्नलिज्म पर व्याख्यान हुआ। इस मौके पर पंकज साव ने कहा कि वेब मीडिया युवाओं का मीडिया है। इसमें ऑडियो, वीडियो और फोटो शामिल हैं। आने वाला समय वेब का है। जिस तरह प्रिंट मीडिया में रीडर्स होते हैं, उसी तरह वेब में क्लिक्स होते हैं। उन्हीं के आधार पर उनकी रैंकिंग होती है। इस मौके पर डॉ. वीके अग्रवाल, प्रिंसिपल डॉ. युलेन्द्र राजपूत, अमित अग्रवाल, आकांक्षा दुबे, प्रशांत दुबे, ज्ञानेश्वरी व अभिषेक मौजूद रहे।

स्व.कमलादेवी नकछेद प्रसाद स्मृति......

# अग्रसेन महाविद्यालय

छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के महाराजाधिराज अग्रसेन शिक्षण समिति द्वारा संचालित पं. क्रं. छ.ग .2063

जैतूसाव मठ परिसर, पुरानी बस्ती रायपुर (छ.ग.)

फोन नं.– 77778–84998, 88710–07980

Web Add :- www.agrasencollege.net , E-mail :- info@agrasencollege.net

पत्रिका Page-12 (हिन्दी)

12.12.16

## SEMINAR GIVEN IN SCHOOL(SAMAY PRABANDHAN) (10-dec-16)

एग्जाम में स्ट्रेस फ्री रहने के लिए वर्कशॉप...

### टाइम मैनेजमेंट कर करें पढ़ाई

पत्रिका PLUS रिपोर्टर





रायपुर • अग्रसेन कॉलेज ने बारहवीं के स्टूडेंटस के लिए एग्जाम में स्ट्रेस फ्री रहने के लिए वर्कशॉप आयोजित की गई। जेके दानी स्कूल में आयोजित वर्कशॉप में अग्रसेन कॉलेज की प्रो. कविता अग्रवाल ने स्टूडेंटस को बताया कि बोर्ड एग्जाम के लिए तैयारी करते वक्त पढ़ाई तो जरूरी है ही साथ ही सही समय पर खान-पान का भी ध्यान रखना चाहिए।

अपने डेली रूटीन में खान-पान, रिविजन और व अन्य गतिविधियों का सामंजस्य बिठाकर टाइम टेबल बनाकर तैयारी करनी चाहिए। वहीं प्रो. डॉ. डॉली पांडेय ने पूरे सिलेबस को डिवाइड कर टाइम मैनेजमेंट करने पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि बेहतर टाइम मैनेजमेंट से बड़े से बड़े सिलेबस कम समय में रिवाइज किए जा सकते है। वर्कशॉप में बच्चों ने भी अपनी जिज्ञासाओं को प्रश्न पूछ कर शांत किया। इस मौके पर पुष्पा अग्रवाल सहित कॉलेज व स्कूल का स्टॉफ मौजूद था।

Scanned with CamScanner

स्व.कमलादेवी नकछेद प्रसाद स्मृति......

# अग्रसेन महाविद्यालय

छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के महाराजाधिराज अग्रसेन शिक्षण समिति द्वारा संचालित पं. क्रं. छ.ग .2063


जैतूसाव मठ परिसर, पुरानी बस्ती रायपुर (छ.ग.)

फोन नं.– 77778–84998, 88710–07980

Web Add :- www.agrasencollege.net , E-mail :- info@agrasencollege.net


## शास्त्री चौक का डिजाइन सामने रखकर ट्रैफिक एएसपी ने समझाया नियम

### सड़क सुरक्षा सप्ताह के तीसरे 162 वाहनों की हुई प्रदूषण जांच

SADAK SURAKSHA SAPTAH

12-01-17

(राजधानी) नवभारत पृष्ठ-3 12.01.17

■ नवभारत रिपोर्टर । रायपुर.



शहर के घड़ी चौक और शास्त्री चौक का डिजाइन सामने रखकर राजधानी के ट्रैफिक एएसपी बलराम हिरवानी ने छात्र-छात्राओं को ट्रैफिक नियमों के बारे में बताया. इसके अलावा छात्रों को कहा कि वे अपने-अपने स्तर पर शहर के लोगों को ट्रैफिक नियमों की जानकारी देकर खुद को सुरक्षित रखने के बारे में बताएं. ट्रैफिक पुलिस द्वारा मनाए जा रहे सड़क सुरक्षा सप्ताह के तीसरे दिन नगर निगम गार्डन में प्रदर्शनी स्थल पर बालाजी विद्या मंदिर देवेन्द्र नगर, महाराजा अग्रसेन कॉलेज, सचदेवा इंटरनेशनल स्कूल कटोरा तालाब, कैम्पियन स्कूल आमासिवनी, मदरप्राइड सुन्दर नगर, राष्ट्रीय विद्यालय कचहरी चौक, विवेकानंद विद्यापीठ, छत्तीसगढ़ कॉलेज, शासकीय विद्यालय मठपारा के लगभग 830 छात्र-छात्राएं पहुंची.

प्रदर्शनी स्थल पर इंस्पेक्टर जोरा [illegible], मीना चौधरी व हेड कान्स्टेबल ईश्वर देवांगन ने सड़क पर जेब्रा क्रासिंग, स्टॉप लाइन तथा यातायात सिग्नलों के बारे में बताया. एलएंडटी कंपनी द्वारा एमएमआई के पास केनाल रोड चौक पर हेलमेट पहनने वाले दोपहिया वाहन चालकों को रोककर गुलाब फूल देकर सम्मानित किया.

यातायात नियमों के प्रचार-प्रसार व जागरूकता अभियान में राजधानी की कई औद्योगिक इकाई भी जुड़ रही हैं. सारडा मिनरल एंड एनर्जी कंपनी ने अपने प्लांट में यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया. ट्रैफिक डीएसपी रोहित बघेल ने कंपनी में कार्यरत 1500 कर्मचारियों को बिना हेलमेट, तेज रफ्तार, शराब पीकर, तीन सवारी व मोबाइल का प्रयोग करते हुए बाइक न चलाने की बात कही. इसके अलावा कंपनी संचालक को बिना हेलमेट कर्मचारियों को कंपनी में प्रवेश देने से मना करने की बात कही. ट्रैफिक ट्रेनर टीके भोई ने लोक कलाकारों के साथ नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यातायात नियमों की जानकारी रोचक तरीके से दी. कालीबाड़ी, तेलीबांधा चौक, भनपुरी तिराहा, टाटीबंध चौक व बस स्टैण्ड में 162 वाहनों की प्रदूषण जांच की गई.

स्व.कमलादेवी नकछेद प्रसाद स्मृति......

# अग्रसेन महाविद्यालय

छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के महाराजाधिराज अग्रसेन शिक्षण समिति द्वारा संचालित पं. क्रं. छ.ग .2063

जैतूसाव मठ परिसर, पुरानी बस्ती रायपुर (छ.ग.)

फोन नं.– 77778–84998, 88710–07980

Web Add :- www.agrasencollege.net , E-mail :- info@agrasencollege.net

## NO VEHICLE DAY CELEBRATION(4-feb-17)

नवभारत (राजधानी)
पृष्ठ-2 . 04-02-17

04/02/2017



...टल, लौह, बांस, काष्ठ, पत्थर, ...ला, भित्ती चित्र, कालीन आदि ...दिया गया छह-छह माह का बुनियादी

### मोहम्मद अंसार ने कांग्रेस छोड़ी



रायपुर. पिछले 40 सालों से कांग्रेस की राजनीति में सक्रिय रहे राजधानी के मोहम्मद अंसार ने शुक्रवार को कांग्रेस छोड़कर जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) का दामन थाम दिया. वे स्व. विद्याचरण शुक्ल के भी करीबी रहे. वर्तमान में पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर के समर्थकों में गिने जाते थे.

जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के संयोजक अजीत जोगी ने अपने निवास में उन्हें सदस्यता दिलाई. इस मौके पर श्री जोगी ने उन्हें अपनी शुभकामनाएं देते हुए अपनी पार्टी का प्रांतीय प्रवक्ता भी नियुक्त किया. सदस्यता लेने के बाद मो. अंसार ने मीडिया से चर्चा में कहा कि उन्हें यह एहसास होने लगा है कि मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह की गरीब विरोधी सरकार को केवल श्री जोगी के नेतृत्व वाली जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) ही परास्त कर सकती है. इसके बाद उन्होंने जनता कांग्रेस की सदस्यता लेने का फैसला लिया. उल्लेखनीय है कि मो. अंसार कांग्रेस संगठन में सेवादल, शहर और ग्रामीण के अध्यक्ष रहे. साल 1994 से 1999 तक नगर निगम में पार्षद भी रहे.

### बिन्नी बाई सोनकर स्कूल के सीनियर विद्यार्थियों को विदाई

रायपुर. नगरमाता बिन्नीबाई सोनकर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, भाठागांव में फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया. इसमें 11वीं के विद्यार्थियों ने 12वीं पास आउट सीनियर विद्यार्थियों को समारोहपूर्वक विदाई दी. सभी सीनियर छात्राएं छत्तीसगढ़ी वेशभूषा में नजर आईं. जूनियर्स ने अपने सीनियर्स के लिए रोचक खेल एक मिनट का आयोजन किया, जिसमें शिवानी सोनकर, चंद्रप्रकाश निर्मलकर, सुयश तिवारी, नरेश साहू अव्वल रहे. सीनियर्स ने रैम्प वॉक भी किया, जिसमें जया साहू को मिस व लवकुमार निर्मलकर को मिस्टर परफेक्ट का ताज मिला. विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ी व हिन्दी गीतों पर डांस कर खूब धमाल किया.

### नो व्हीकल डे का 14 वां आयोजन

# शहर को प्रदूषणमुक्त बनाने साइकिल चलाकर ली शपथ



■ नवभारत रिपोर्टर । रायपुर

नो व्हीकल डे के तहत शुक्रवार को आयोजित साइकिल रैली के माध्यम से शहर को प्रदूषण मुक्त बनाते हुए स्वच्छ व स्वस्थ वातावरण देने का संकल्प लिया गया. साइकिल रैली में महापौर समेत बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे, व्यवसायी, जनप्रतिनिधि एवं आम लोग सम्मिलित हुए.

शहर में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए महापौर प्रमोद दुबे की पहल पर 3 दिसंबर 2016 से प्रतिमाह नो व्हीकल डे मनाते हुए साइकिल रैली निकालने की शुरुआत की गई है. साइकिल रैली के जरिए आम लोगों को कम से कम माह में एक दिन स्वयं का वाहन छोड़कर साइकिल अथवा सार्वजनिक वाहनों का उपयोग करने का संदेश दिया जाता है. इसी क्रम में आज साइकिल रैली का 14 वां आयोजन किया गया. महापौर के नेतृत्व में रैली ऐतिहासिक बूढ़ातालाब के नीलाभ उद्यान के सामने से निकली, जो बूढ़ेश्वर मंदिर, लाखेनगर, पंकज गार्डन, दंतेश्वरी मंदिर, गणपत सिंधी स्कूल होते हुए अग्रसेन कॉलेज पुरानीबस्ती में समाप्त हुई. यहां सभी ने साइकिल का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करने, शहर को प्रदूषणमुक्त और स्वच्छ व स्वस्थ बनाने की सामूहिक शपथ ली.

रैली में अग्रसेन कॉलेज के शिक्षकों, छात्र-छात्राओं, जे.के. दानी स्कूल पुरानीबस्ती के विद्यार्थियों, छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स, रायपुर पेट्रोलियम संरक्षण अनुसंधान संघ के पदाधिकारी शामिल हुए. सामूहिक शपथ के मौके पर महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड के पार्षद राजेश सिंह ठाकुर, कंकालीपारा वार्ड पार्षद दीपक कृपलानी, जैतूसाव मठ के अजय तिवारी समेत बड़ी संख्या में आम नागरिक शामिल हुए. अग्रसेन कॉलेज के ट्रस्टी शंकर अग्रवाल एवं इंदरचंद धाड़ीवाल ने शपथ दिलाई. श्री दुबे ने कचरा, तालाब, नाली, सड़क एवं गली में नहीं डालने, पॉलीथीन का उपयोग नहीं करने, कचरा नहीं जलाने तथा किसी और को नहीं जलाने देने के साथ ही खुले में शौच नहीं करने का आह्वान किया.

### दिव्य संस्कार विद्या मंदिर में बिखरी सांस्कृतिक छटा

रायपुर. दिव्य संस्कार विद्या मंदिर, डूण्डा में आयोजित वार्षिकोत्सव के अवसर पर नर्सरी से लेकर मिडिल स्कूल के बच्चों ने विविध प्रस्तुतियां देकर सतरंगी छटा बिखेरी. जिनमें देशभक्तिपूर्ण गीतों सहित लोक-संस्कृति पर आधारित फिल्मी व छत्तीसगढ़ी गीतों पर विद्यार्थियों ने समूह नृत्य प्रस्तुतियां देकर सबका दिल जीत लिया. आरंभ में प्राचार्य सूर्यकांत वर्मा ने वार्षिक प्रतिवेदन पढ़ा. कार्यक्रम में पार्षद श्रीमती यशोदा कमल साहू, पूर्व सरपंच डॉ. नरेन्द्र साहू, वैदिक शिक्षण समिति के अध्यक्ष पीयूष वैष्णव, उपाध्यक्ष जितेन्द्र साहू, सचिव सूर्यकांत वर्मा उपस्थित थे.

स्व.कमलादेवी नकछेद प्रसाद स्मृति......

# अग्रसेन महाविद्यालय

छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के महाराजाधिराज अग्रसेन शिक्षण समिति द्वारा संचालित पं. क्रं. छ.ग .2063

जैतूसाव मठ परिसर, पुरानी बस्ती रायपुर (छ.ग.)

फोन नं.– 77778–84998, 88710–07980

Web Add :- www.agrasencollege.net , E-mail :- info@agrasencollege.net

## योजनाओं को जरूरतमंदों तक पहुंचाता है एनजीओ

पुरानी बस्ती स्थित अग्रसेन कॉलेज मे समाजिक विकास मे गैर सरकारी संगठनो की भूमिका को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। सामाजिक संस्थाओं के कई वक्ताओं ने अपनी संस्था द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजना को विस्तार पूर्वक बताया।

रायपुर। कार्यशाला में भाग ले रहे लगभग सभी वक्ताओं ने कहा भारत जैसे लोकतांत्रिक देशों में सरकारी योजनाओं को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए जनता का योगदान आवश्यक है, इस दायित्व का बखूबी से सामाजिक संस्थाएं पालन कर रही है।

### मील का पत्थर

महाविद्यालय दुर्ग की समाज शास्त्र की शिक्षिका डॉ. सुचित्रा शर्मा ने कहा कि सरकार की योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने में गैर सरकारी संगठन अपना अहम किरदार निभा रहे हैं। सरकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन, बिना इन संस्थाओं से जुड़े नहीं कर सकते है, क्योंकि ये संस्थाएं जमीनी स्तर से जुड़ी रहती है।



अग्रसेन कॉलेज में एक दिवसीय वर्कशॉप

प्रजातांत्रिक व्यवस्था में सामाजिक संस्था अहम: संकल्प सांस्कृतिक समिति के समन्वयक एवं सामाजिक कार्यकर्ता अजय श्रीवास्तव ने कहा कि सरकार अकेले कुछ नहीं कर सकती। सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में सामाजिक संस्थाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। एनजीओ को सरकार के द्वारा ही मान्यता दी जाती है। सामाजिक संगठनों को प्रत्येक वर्ष अपनी प्रगति रिपोर्ट जमा करना पड़ती है। अच्छे कार्यों को देखकर ही सरकार अपनी योजनाओं के संचालन के लिए नियुक्त करती है। कॉलेज के डायरेक्टर वीके अग्रवाल ने कहा समाज कार्य विषय को छात्रों को पढ़ाया जाता है। यह एक रोजगारपूर्ण पाठ्यक्रम है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. युगेंद्र कुमार राजपूत ने कहा देश की काफी आबादी अनपढ़ है। उनके अधिकारों की रक्षा करने में एनजीओ का विशेष योगदान रहता है। इस मौके पर संकल्प सांस्कृतिक समिति की डायरेक्टर मनीषा शर्मा, कॉलेज के एडमिनिस्ट्रेटर अमित अग्रवाल, शिक्षक एवं छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन प्रो. रुबिक एवं प्रो. शबनम ने किया। आभार डॉ. शालीं पाण्डेय, संचालन कविता अग्रवाल ने किया।



हरिभूमि पृष्ठ - 12-13
19-02-17

SAMAJIK VIKASH ME GAIR SARKARI SANGATHANO KI BHUMIKA PAR KARYASHALA (19-feb-17)

स्व.कमलादेवी नकछेद प्रसाद स्मृति......

# अग्रसेन महाविद्यालय

छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के महाराजाधिराज अग्रसेन शिक्षण समिति द्वारा संचालित पं. क्रं. छ.ग .2063

जैतूसाव मठ परिसर, पुरानी बस्ती रायपुर (छ.ग.)

फोन नं.– 77778–84998, 88710–07980

Web Add :- www.agrasencollege.net , E-mail :- info@agrasencollege.net

SWACHATA APPLICATION DOWNLOAD PROGRAM (31-dec-17)

रायपुर सिटी 06 नईदुनिया रायपुर, रविवार 31 दिसंबर 2017 www.naidunia.com


## 14 हजार एप डाउनलोड, अब बारी शिकायतें अपलोड करने की

### आज डाउनलोडिंग का अंतिम दिन, करें डाउनलोड और करवाएं भी, शनिवार- 1003, 9 दिनों में 11,845, कुल- 14000 पार






पुरानी बस्ती अग्रसेन कॉलेज में स्वच्छता एप डाउनलोड करते विद्यार्थी।



स्वच्छता एप डाउनलोड करते साइंस कॉलेज के स्टूडेंट्स।

रायपुर। नईदुनिया प्रतिनिधि

4 जनवरी 2018 से शुरू होने जा रहे स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए क्या आप तैयार हैं... यह सवाल इसलिए क्योंकि हर व्यक्ति की सहभागिता से ही अपने शहर को स्वच्छ रखा जा सकता है। इसलिए अभी से कमर कस लें, शपथ लें की कचरा नगर निगम द्वारा दी जा रही डस्टबिन में रखेंगे और रोजाना सुबह डोर टू डोर कचरा कलेक्शन करने वालों को देंगे। सड़क पर पाउच, पॉलीथिन, रेपर नहीं फेंकेंगे। खुले में शौच, पेशाब नहीं करेंगे और ऐसा करने वालों को रोकेंगे। एक और शपथ लें कि स्वच्छता एप डाउनलोड कर रोजाना 2 शिकायतें तस्वीरों के साथ पोस्ट करेंगे ताकि निगम उन जगहों पर पहुंच सके जहां गंदगी है। क्योंकि दिल्ली से आने वाली टीम किसी भी गली, मोहल्ले में जांच करने पहुंच सकती है। रखें अपने घर, गली, मोहल्ले को साफ-सुथरा। शहर का नागरिक होने की जिम्मेदारी निभाएं, क्योंकि शहर नंबर 1 बना तो आप गर्व से कह पाएंगे, हम देश में स्वच्छता के सरताज हैं...।

शनिवार को 'नईदुनिया' और नगर निगम सब इंजीनियर्स की टीम ने इंडोर स्टेडियम में चल रही श्रीराम कथा, अग्रसेन विद्यालय, साइंस कॉलेज, राधाबाई शासकीय कन्या महाविद्यालय में स्वच्छता एप डाउनलोड करवाए। यहां छात्र, छात्राओं और कथा में भक्तों ने इस एप की महत्ता समझी और डाउनलोड कर शिकायतें भी पोस्ट करनी शुरू कर दी।

#### गूगल प्ले स्टोर में है स्वच्छता एप

स्वच्छता एप डाउनलोड करना बेहद आसान है। आप अपने स्मार्ट फोन में जिस तरह से अन्य एप डाउनलोड करते हैं, ठीक वैसे ही गूगल प्ले स्टोर में जाकर स्वच्छता लिखेंगे तो पहला ही एप है, जिसमें गांधी जी का चश्मा बना है और स्वच्छ भारत लिखा है. उसे इंस्टॉल कर लें। इंस्टॉल के बाद ओपन, भाषा चुनें, मोबाइल नंबर और ओटीपी नंबर डालें। लोकेशन में रायपुर लिखते ही प्रक्रिया पूरी हो जाएगी।

#### 'नईदुनिया' से करें संपर्क

अगर आप 'नईदुनिया' और नगर निगम के इस अभियान में हिस्सेदार बनना चाहते हैं और शहर को सफाई के क्षेत्र में देश में पहचान दिलाना चाहते हैं तो हमसे जुड़ें। हम पहुंचेंगे आपके संस्थान, मोहल्ले, कॉलोनी। आप हमसे 0771-4711000, 73899-21925 पर संपर्क कर सकते हैं।

#### क्यों इंतजार करें

पहले हम इंतजार करते थे कि निगम अमला पहुंचेगा, सफाई करेगा। लेकिन अब आप एक पोस्ट करें तो वे दौड़े-भागे आएंगे। सफाई रहेगी तो हम स्वस्थ रहेंगे। जिम्मेदार नागरिक होने की भागीदारी अदा करने का ये सही समय है, जब स्वच्छता सर्वेक्षण होने जा रहा है।

**-युलेंद्र कुमार राजपूत,** प्राचार्य अग्रसेन महाविद्यालय

#### पूरा शहर अपना

इससे अच्छा और क्या चाहिए कि आप शहर के किसी भी कोने पर हैं और वहां आपको कचरा, गंदगी दिख रही है तो आप उसकी तस्वीर लेकर एप में पोस्ट कर सकते हैं। इससे पूरा शहर अपना है की भावना पैदा होगी।

**-डॉ. गिरीश कांत पांडेय,** विभागाध्यक्ष, मिलिट्री साइंस, साइंस कॉलेज

#### सबकी जिम्मेदारी है

मैं तो यह कहता हूं कि यह आम से लेकर खास हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वह शहर के विकास में, सफाई में 100 फीसदी योगदान दें। मेरी अपील है कि शहर को नंबर 1 बनाने में ज्यादा से ज्यादा एप डाउनलोड करें।

**-बृजमोहन अग्रवाल**, मंत्री, कृषि एवं धर्मस्व

#### शिकायतें भी पोस्ट करें

यह अच्छी पहल है, जिसमें युवा से लेकर बुजुर्ग तक सभी अपनी शिकायतें दर्ज करवा सकते हैं। मैंने कॉलेज में सभी छात्राओं, स्टाफ को कहा है कि वे न सिर्फ खुद एप डाउलोड करें, बल्कि शिकायतें भी पोस्ट करें।

**-डॉ. अरुणा पल्टा,** प्राचार्य, राधाबाई शा कन्या महाविद्यालय

एप डाउनलोडिंग के नंबर स्टैंडर्ड पोजीशन में है, अब आप सभी से अपील है कि ज्यादा से ज्यादा शिकायतें पोस्ट करें ताकि निगम द्वारा उसे जल्द से जल्द दूर किया जाए। शहर को साफ बनाए रखने में सहयोग करें।

**-रजत बंसल, आयुक्त,** नगर निगम

स्व.कमलादेवी नकछेद प्रसाद स्मृति......

# अग्रसेन महाविद्यालय

छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के महाराजाधिराज अग्रसेन शिक्षण समिति द्वारा संचालित पं. क्रं. छ.ग .2063

जैतूसाव मठ परिसर, पुरानी बस्ती रायपुर (छ.ग.)

फोन नं.– 77778–84998, 88710–07980

Web Add :- www.agrasencollege.net , E-mail :- info@agrasencollege.net

## प्रदूषण से बचाने में प्रभावी है सहज योग

SAHAJ YOG KE MAHATAV (SEMINAR)

(9-feb-18)



रायपुर। अग्रसेन महाविद्यालय में सहज योग के महत्व पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। आयोजन में योग विशेषज्ञ श्रवण सराफ व धीरेंद्र शर्मा ने योग की अलग-अलग विधाओं पर चर्चा की। गोष्ठी में उपस्थित विशेषज्ञों ने बताया, मन, बुद्धि एवं आत्मा की शुद्धि के लिए सहज योग सबसे सरल और त्वरित उपाय है। आज के भीषण प्रदूषण के समय में योग ही वातावरण को शुद्ध कर सकते हैं। कार्यक्रम में सहज योग की चर्चा करते हुए श्रवन सराफ ने कहा कि जो धारण करने योग्य है, जिससे संसार का भौतिक विकास हो सके, वही धर्म है। सहज योग हमारे धर्म और संस्कार को व्यवस्थित करता है। वहीं धीरेंद्र शर्मा ने कहा, मस्तिष्क की उस क्षमता को मन कहते हैं, जो हमें चिंतन, स्मरण शक्ति, बुद्धि, भाव, एकाग्रता व ज्ञान दे सके।



### छात्रों व शिक्षकों ने किया योग

कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों व प्राध्यापकों द्वारा सहज योग अभ्यास किया गया। महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. वीके अग्रवाल ने कहा, आज की व्यस्त जीवनचर्या में थोड़ा समय ध्यान, प्राणायाम और यज्ञ में लगा सकें तो इससे हमें अपने जीवन में बहुत ज्यादा लाभ होगा। सहज योग निश्चित रूप से अपने नाम के अनुरूप सहज और सरल है, इसलिए इसे सभी को जल्द से जल्द अभ्यास में शामिल किया जाना चाहिए। महाविद्यालय के एडमिनिस्ट्रेटर प्रो. अमित अग्रवाल ने वक्ताओं के विचारों को सारगर्भित बताते हुए कहा, इनसे विद्यार्थियों को उपयोगी जानकारी प्राप्त हुई है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने सवाल भी किये, जिनका वक्ताओं ने समुचित समाधान किया। नया रायपुर में आगामी 13 फरवरी को सुबह 9 बजे ग्यारह हजार कुंडीय यज्ञ का आयोजन किया जायेगा।

हरिभूमि पृष्ठ 16-17
०९/०२/२०१८

स्व.कमलादेवी नकछेद प्रसाद स्मृति......

# अग्रसेन महाविद्यालय

छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के महाराजाधिराज अग्रसेन शिक्षण समिति द्वारा संचालित पं. क्रं. छ.ग .2063

जैतूसाव मठ परिसर, पुरानी बस्ती रायपुर (छ.ग.)

फोन नं.— 77778—84998, 88710—07980

Web Add :- www.agrasencollege.net , E-mail :- info@agrasencollege.net

KOUSHAL VIKASH KARYAKARAM
(10-feb-18)

दैनिक भास्कर , पृष्ठ - 23

दिनांक - 10.02.18

## लॉजिस्टिक मैनेजमेंट में कई संभावनाएं, अपनी स्किल सुधारें

रायपुर | पुरानी बस्ती स्थित कॉलेज में स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग प्रोग्राम रखा गया। नेशनल स्किल डेवलपमेंट निगम के रीजनल ट्रेनिंग सेंटर के डायरेक्टर डॉ. एनएन अग्रवाल ने स्टूडेंट्स के साथ लॉजिस्टिक मैनेजमेंट में जॉब की संभावनाओं पर डिस्कशन किया और स्टूडेंट्स को स्किल डेवलप करने के टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि बढ़ते इंडस्ट्रीलाइजेशन के कारण इस फील्ड में जॉब के मौके बढ़ रहे हैं। लेकिन अपनी क्षमताओं को बेहतर करने के साथ अपनी कमजोरियों को दूर करना होगा। इसके लिए अपनी स्किल को इम्प्रूव करें। कार्यक्रम में स्टूडेंट्स ने एक्सपर्ट से इस कोर्स से रिलेटेड क्वेश्चन भी पूछे। इस मौके पर कॉलेज डायरेक्टर डॉ. वीके अग्रवाल, प्रिंसिपल डॉ. युलेंद्र कुमार राजपूत सहित टीचर्स और स्टूडेंट्स मौजूद रहे।

NAYE RISHTEY BIKHARTE PARIVAR(SEMINAR) 22-feb-18

सेमिनार : छात्रों को समझाई चीजों की बारीकियां

## रिश्तों में बिखराव रोकने के लिए प्रेम व संयम जरुरी

रायपुर। अग्रसेन महाविद्यालय में समाज कार्य विभाग द्वारा नए रिश्ते-बिखरते परिवार विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पं. सुन्दरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. वंशगोपाल सिंह, समाजसेवी उमेश अग्रवाल व कैरियर काउंसलर डॉ. वर्षा वरवंडकर ने नए रिश्ते- बिखरते परिवार विषय पर अपने विचार व्यक्त किये। सभी वक्ताओं ने कहा, परिवार को बिखरने से बचाने के लिए सभी सदस्यों को सहनशीलता और सहयोग के साथ आपसी प्रेम को बढ़ावा देना होगा। इसके बिना बिखरते परिवारों को नहीं बचा सकते है। सेमिनार में महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. वीके अग्रवाल, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. युलेंद्र कुमार राजपूत, एडमिनिस्ट्रेटर प्रो. अमित अग्रवाल, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन समाज कार्य विभाग संयोजक प्रो. कविता अग्रवाल ने किया।



### आत्मिक आधार दें

मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. डॉ. वंशगोपाल सिंह ने प्रश्न करते हुए कहा, लैला में मजनूं ने ऐसा आखिर क्या देखा था, जो आज के समय पर उनका रिश्ता प्रेम की मिसाल बन चुका है? डॉ. सिंह ने रिश्तों की अहमियत बताते हुए कहा, लैला-मजनूं के रिश्ते में दिखावा था। जिसमें भावनात्मक संतोष पर अधिक ध्यान दिया जाता था। जबकि लैला-मजनूं को इस रिश्ते में कष्ट झेलने पड़े थे। पर उन्होंने कभी कष्टों पर ध्यान ही नहीं दिया। इसे डॉ. वंशगोपाल ने हर रिश्ते की बुनियाद बताते हुए कहा, पश्चिमी देशों में शारीरिक सुख व भोगवाद को ज्यादा महत्व दिया जाता है। जबकि भारत में आध्यात्म एवं आत्मिक सुख को रिश्तों की अंतिम उपलब्धि माना जाता है। हमें अपने परिवार को बिखरने और टूटने से बचाना है, तो हमें रिश्ते को फिर से आत्मिक आधार देना होगा।



### सोशल मीडिया के रिश्तों की लाइफ नहीं

समाजसेवी उमेश अग्रवाल ने शादी का उदाहरण देते हुए बताया, जब परिवार में नई बहू के रूप में नई सदस्य आती है, तो उससे बेटी की तरह होने की उम्मीद की जाती है। लेकिन इसके लिए सास को भी अपनी बहू को एक मां की तरह व्यवहार और प्रेम देना होगा। वहीं कैरियर काउंसलर डॉ. वर्षा वरवंडकर ने कहा, आज [illegible] और रि-यूनियन के कारण पुराने दोस्त फिर से मिलने लगे हैं। यह एक अच्छी पहल है। लेकिन [illegible] रहा है, इसके कारण भी पति-पत्नी के रिश्ते में दरार पड़ रही है। युवाओं को सुझाव देते हुए कहा, फेसबुक, व्हाट्स-एप और ट्विटर से रिश्ता बनाने में जितनी जल्दबाजी दिखाई जाती है, उतनी ही जल्दी वे रिश्ते बिखर भी जाते हैं। वहीं महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. वीके अग्रवाल ने कहा, सामाजिक मूल्य और मर्यादा को त्याग देने के कारण ही हमारे परिवार बिखराव और टूटन के शिकार हो रहे हैं। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सवाल भी किये, जिसका वक्ताओं ने समुचित जवाब दिया।

हरिभूमि, पृष्ठ - 16-17
दिनांक - 22.02.18

हरिभूमि, पृष्ठ-16-17

दिनांक - 09.03.18

MAHILA SHASHAKTIKARAN ME UDYAMIYATA VIKASH KE YOGDAN (SEMINAR) 9-march-18

## महिलाओं ने ही जीवित रखी है भारत की संस्कृति और परंपरा



रायपुर। अग्रसेन महाविद्यालय में महिला दिवस के अवसर पर समाज-कार्य विभाग द्वारा सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें महिला सशक्तिकरण में उद्यमिता विकास के योगदान विषय पर वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने अपने व्याख्यान में कहा, देश महिला शक्ति के सदुपयोग से ही विश्व में अपना विशेष स्थान बना सकता है, क्योंकि महिलाएं समाज की धूरी होती हैं। मौके पर सौंदर्य विशेषज्ञ मीनाक्षी दुटेजा ने कहा, महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने के लिए कोई न कोई कार्य जरुर करना चाहिए। अपना अनुभव बताते हुए कहा, अंग्रेजी विषय में शासकीय महाविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर का कार्य कर रही थी, लेकिन पति के प्रशासनिक सेवा में होने के कारण जगह बदलती रही और इसके कारण प्रतिष्ठित नौकरी भी छोड़नी पड़ी। वहीं से अपने कार्य की शुरुआत हुई और आज अकादमी में तीन सौ कर्मचारी काम कर रहे हैं।

### अपनी प्रतिभा का प्रयोग करें महिलाएं

समाजसेविका पिंकी अग्रवाल ने कहा, महिलाओं को परिवार की जिम्मेदारी निभाने के साथ अपनी निजी प्रतिभा का उपयोग जरुर करना चाहिए। कभी भी असफलता से डरकर काम बंद नहीं करें। फिटनेस विशेषज्ञ मनीषा दासे ने कहा, महिलाओं को परिस्थिति के कारण अपने आप से समझौता नहीं करना चाहिए। बल्कि समस्या को चुनौती बनाकर अपनी पूरी क्षमता से स्थिति को अपने अनुकूल बनाने का प्रयास करना चाहिए। आज समाज में अनेक सफल महिलाएं हैं, जिन्हें देखकर हम भी अपना मुकाम बना सकते है। महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. वीके अग्रवाल ने कहा, महिलाओं को अपनी खोई हुई शक्ति को जगाना होगा, तभी वे अपने हिस्से की कामयाबी को हासिल कर सकती हैं। वहीं प्राचार्य डॉ. युलेंद्र कुमार राजपूत ने महिलाओं को समाज और परिवार की ताकत बताते हुए कहा, महिलाओं के कारण ही भारत की संस्कृति और परंपरा हजारों वर्षों से जीवित और समृद्ध बनी हुई है।

पत्रिका पृष्ठ
14-3-2018

TAMBAKU NISHED PAR SEMINAR(14-march-18)

## तंबाकू पर अवेयरनेस जरूरी




रायपुर. आज के दौर में फिल्मों और टीवी सीरियल के प्रभाव के कारण युवाओं में खासतौर पर तम्बाकू की लत लग जाती है जो उम्र बढ़ने के साथ-साथ और गहरी होती जाती है। इससे बचने के लिए घर-परिवार के साथ समाज को भी जागरूक होने की जरूरत है। अग्रसेन महाविद्यालय में तम्बाकू निषेध पर गोष्ठी का आयोजन किया गया।

जिसमें एक्सपर्ट राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण सहायक अमन दास आनंद सामाजिक कार्यकर्ता नेहा सोनी और अजय कुमार बैस ने कहा कि तम्बाकू सेहत के लिए घातक है। आनंद ने कहा कि तम्बाकू में मौजूद निकोटिन कैंसर पैदा करता है इसके साथ ही हृदय रोग का कारण भी बनता है। वही नेहा सोनी ने बताया कि तम्बाकू के कारण आज भारत में लाखों लोग गंभीर बीमारी के शिकार हो रहे है।

इस मौके पर महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ वीके अग्रवाल ने कहा कि आज की जीवनचर्या में तम्बाकू का सेवन अनेक रोगों को जन्म दे रहा है।

हरिभूमि, पृष्ठ- 16-17

दिनांक - 27.04.18

SAMAJIK SANSTHAYON KI KARYAPRANALI EVAM CHUNAUTIYAN
(27-april-18)

## जीवन को सार्थक बनाती है समाज-सेवा



**अग्रसेन महाविद्यालय में सामाजिक संस्थाओं की कार्यप्रणाली पर वर्कशॉप**

रायपुर। अग्रसेन महाविद्यालय पुरानी बस्ती में गुरुवार को सामाजिक संस्थाओं की कार्यप्रणाली और चुनौती विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में समाजिक संस्थाओं के संचालकों ने संस्था के कार्यशैली के बारे में अपने अनुभव शेयर किए। इसमें ब्राम्हण युवा पहल संस्था से राहुल शर्मा, चितवन वृद्धाश्रम से प्रशांत पाण्डेय और मातृछाया संस्था से सुधाकर माधव कोंडापुरकार ने अपने विचार प्रस्तुत किये। वक्ताओं ने कहा, यदि अपने जीवन को सार्थक बनाना है और जीवन के अंत में सुकून हासिल करना है, तो समाज सेवा सबसे बेहतर विकल्प है। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ताओं व स्टूडेंट्स के साथ समुचित कार्यक्रम का संचालन समाज कार्य संकाय की समन्वयक प्रो. कविता अग्रवाल ने किया।

### बच्चों के लिए समर्पित

कार्यक्रम के आरंभ में महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. वीके अग्रवाल ने कहा कि समाज-सेवा देश और समाज के लिए सबसे महत्वपूर्ण कार्य है। इसमें जो लोग कार्य कर रहे हैं, उनके मन में निश्चित रूप से समाज को कुछ देने का भाव होता है। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए सुधाकर माधव कोंडापुरकार ने कहा कि उनकी संस्था 'मातृछाया' द्वारा नवजात शिशुओं से लेकर छः साल तक के बच्चों को अच्छा जीवन उपलब्ध कराने और उन्हें अच्छे परिवार में गोद दिलवाने की प्रक्रिया पारदर्शी ढंग से पूरी की जाती है।

### युवाओं को प्रेरित करें

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. युगेंद्र कुमार राजपूत ने घर-परिवार में बुजुर्गों को उपेक्षा के बचाने के लिए युवाओं को अच्छे संस्कार देने पर जोर दिया। महाविद्यालय के एडमिनिस्ट्रेटर प्रो. अमित अग्रवाल ने सभी वक्ताओं के विचारों को सार्थक बताते हुए उम्मीद जताई कि इससे समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों को अपना लक्ष्य बनाने में प्रेरणा मिलेगी।

स्व.कमलादेवी नकछेद प्रसाद स्मृति......

# अग्रसेन महाविद्यालय

छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के महाराजाधिराज अग्रसेन शिक्षण समिति द्वारा संचालित पं. क्रं. छ.ग .2063

जैतूसाव मठ परिसर, पुरानी बस्ती रायपुर (छ.ग.)

फोन नं.– 77778–84998, 88710–07980

Web Add :- www.agrasencollege.net , E-mail :- info@agrasencollege.net

दैनिक भास्कर, पृष्ठ - 20

दिनांक - 27.08.18

SELF DEFENCE TRAINING PROGRAM(27-aug-18)

## स्टूडेंट्स ने ट्रेनिंग प्रोग्राम में सीखी सेल्फ डिफेंस की एडवांस टेक्नीक

रायपुर | पुरानी बस्ती स्थित अग्रसेन कॉलेज में स्टूडेंट्स के लिए सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग प्रोग्राम रखा गया। यहां ट्रेनर हर्षा साहू ने पब्लिक प्लेस में होने वाली छेड़छाड़ या हमला होने पर खुद की सुरक्षा कैसे करें, इसकी एडवांस टेक्नीक की ट्रेनिंग दी। उन्होंने कहा कि डरकर हम सिर्फ अपराध को बुलावा देते हैं, जबकि डर का सामना करके हम अपराध को रोक सकते हैं। कॉलेज डायरेक्टर डॉ. वीके अग्रवाल और



प्रिंसिपल डॉ. युलेंद्र कुमार राजपूत ने कहा कि लड़की हो या लड़का दोनों ही थोड़ी सतर्कता बरतें, तो अनहोनी को रोका जा सकता है।

नवभारत (राजधानी)
पृष्ठ - 07
दिनांक - 22.09.18

## CHATRASANG SHAPATH GRAHAN SAMAROH(22-sep-18)



# कॉलेज जीवन का उपयोग राज्य व देशहित में करें: तिवारी

■ नवभारत रिपोर्टर। रायपुर.

पुरानी बस्ती स्थित अग्रसेन महाविद्यालय में गुरुवार को छात्रसंघ शपथग्रहण समारोह का आयोजन किया गया. इस अवसर पर कुलसचिव, कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार डॉ. अतुल कुमार तिवारी मुख्य अतिथि थे.

सत्र 2018-19 के लिए छात्रसंघ का गठन प्रावीण्य सूची के आधार पर मनोनयन किया गया, जिसमें अध्यक्ष मोनिका वर्मा (एमएसडब्ल्यू अंतिम वर्ष, उपाध्यक्ष- आलोक अग्रवाल (एम.काम. पूर्व), सचिव- सुरभि अग्रवाल (बीसीए तृतीय वर्ष) तथा सहसचिव मोनिका त्रिपाठी (बी.काम. द्वितीय वर्ष) तथा कक्षा प्रतिनिधियों का मनोनयन किया गया. छात्रसंघ को शपथ मुख्य अतिथि कुलसचिव डॉ. अतुल कुमार तिवारी ने दिलाई. स्वागत भाषण प्राचार्य डॉ. युलेन्द्र कुमार राजपूत ने दिया. कार्यक्रम की अध्यक्षता शंकरहरि अग्रवाल ने की. मुख्य अतिथि श्री तिवारी ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए आह्वान किया कि छात्र जीवन अमूल्य है, इसका भरपूर उपयोग महाविद्यालय राज्य तथा देश के हित में करें. इस अवसर पर महाविद्यालय के निदेशक डॉ. वी. के. अग्रवाल, संचालन समिति के कोषाध्यक्ष अजय दानी, प्रशासनिक अधिकारी अमित अग्रवाल, छात्रसंघ प्रभारी विकास शर्मा, डॉ. मधुलिका अग्रवाल एवं महाविद्यालय के शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित थे.

पुरानी बस्ती स्थित अग्रसेन महाविद्यालय में गुरुवार को छात्रसंघ शपथग्रहण समारोह के उपलक्ष्य में कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया. इस अवसर पर डॉ. जे. के. डागर, आचार्य अमरनाथ त्यागी, अंबर शुक्ला अमरीश, तेजपाल सोनी, लतिका भावे, उर्मिला देवी 'उर्मी' तथा मधुलिका अग्रवाल ने अपनी कविताओं का पाठ किया. इस अवसर पर महाविद्यालय की कई प्रतिभाएं उभरकर आईं तथा महाविद्यालय प्राध्यापक भी काव्य पाठ में सम्मिलित हुए. कविता के माध्यम से कवियों ने ज्वलंत समस्याओं पर चोट की. इसके साथ ही युवा वर्ग को उत्साहित करने योग्य वीर रस तथा श्रृंगार रस की कविताओं, छत्तीसगढ़ी कविताओं में हास्य रस की कविताओं की धूम रही.

स्व.कमलादेवी नकछेद प्रसाद स्मृति......

# अग्रसेन महाविद्यालय

छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के महाराजाधिराज अग्रसेन शिक्षण समिति द्वारा संचालित पं. क्रं. छ.ग .2063

जैतूसाव मठ परिसर, पुरानी बस्ती रायपुर (छ.ग.)

फोन नं.— 77778—84998, 88710—07980

Web Add :- www.agrasencollege.net , E-mail :- info@agrasencollege.net

सिटी भास्कर 13/10/2018 पेज 18

**News Brief**

HUMAN RIGHTS PROGRAM(13-oct-18)

## बढ़ते क्राइम को रोकने ह्यूमन राइट्स के प्रति अवेयरनेस जरूरी



रायपुर | पुरानी बस्ती स्थित अग्रसेन कॉलेज में सेमिनार का आयोजन किया गया। प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी दीप्ति गौर ने लोगों को अपने अधिकारों से जुड़े कानूनों की जानकारी दी। उन्होंने ह्यूमन राइट्स के प्रति अवेयर रहने का मैसेज देते हुए कहा कि क्राइम के बढ़ते ग्राफ को कम करने के लिए लोगों में कानून और अपने अधिकारों के प्रति अवेयरनेस जरूरी है। मुख्य वक्ता अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायधीश सुरेश ने विधिक सेवा प्रकोष्ठ की जानकारी देते हुए उसके महत्व और कर्तव्यों की जानकारी दी। नम्रता नरोगे ने भारतीय संविधान से मिले अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में बताया।

स्व.कमलादेवी नकछेद प्रसाद स्मृति......

# अग्रसेन महाविद्यालय

छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के महाराजाधिराज अग्रसेन शिक्षण समिति द्वारा संचालित पं. क्रं. छ.ग .2063

जैतूसाव मठ परिसर, पुरानी बस्ती रायपुर (छ.ग.)

फोन नं.– 77778–84998, 88710–07980

Web Add :- www.agrasencollege.net , E-mail :- info@agrasencollege.net

नवभारत (राजधानी)
पृष्ठ - 07
दिनांक - 01.11.18

## RASHTRIYA SEVA KARYAKARAM(1-nov-18)

# राष्ट्रीय सेवा, योजना नहीं भावना है: डॉ. समरेन्द्र सिंह

नवभारत रिपोर्टर | रायपुर.



राष्ट्रीय सेवा योजना नहीं भावना है. यदि विद्यार्थी स्वयंसेवक के रूप में एन.एस.एस. को अपनाता है और संकल्पित हो जाता है. तो वह एन.एस.एस. का हिस्सा हो या न हो, पर एक सफल और अनुशासित जीवन जरूर जीता है. एन.एस.एस. की ईकाइयों की अपनी सीमाएं है. इसलिए उनमें संख्या वृद्धि पर नहीं बल्कि कार्यक्रम अधिकारी सेवा भावना जागृत करने पर बल देते हैं. अग्रसेन महाविद्यालय, पुरानी बस्ती में मंगलवार को स्वयंसेवक विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राज्य संपर्क अधिकारी एवं पदेन उपसचिव ,उच्च शिक्षा विभाग डॉ. समरेन्द्र सिंह ने उक्त उद्गार व्यक्त किए.

इस मौके पर विशेषज्ञ वक्ता के रूप में एम्स रायपुर के देहदान के लिए नोडल अधिकारी डॉ. मृत्युजंय राठौर ने देहदान, नेत्रदान और रक्तदान का महत्व छात्रों को समझाया. विशेष वक्ता के रूप में मौजूद महाविद्यालय के निदेशक डॉ. व्ही.के. अग्रवाल ने कहा कि- तन जो सेवा का, धन दान का और मन ज्ञान का माध्यम है. यदि इन तीनों का सभी दिशा में प्रयोग हो तो निश्चित ही मानव जीवन सफल हो जाएगा.

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. युलेन्द्र कुमार राजपूत ने कहा कि मानव के जीवन में सबसे बड़ा दान सेवादान है. यदि यह भावना मन में जागृत हो जाए तो व्यक्ति किसी भी क्षेत्र में रहे जीवनभर उस भाव का सम्मान करता है. मुख्य अतिथि ने स्वयंसेवकों को बी- सर्टिफिकेट और सी- सर्टिफिकेट प्रदान किया. कार्यक्रम का संचालन एन.एस.एस. प्रभारी कविता अग्रवाल ने किया. आभार व्यक्त सहप्रभारी दीपिका अवधिया ने किया.

स्व.कमलादेवी नकछेद प्रसाद स्मृति......

# अग्रसेन महाविद्यालय

छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के महाराजाधिराज अग्रसेन शिक्षण समिति द्वारा संचालित पं. क्रं. छ.ग .2063

जैतूसाव मठ परिसर, पुरानी बस्ती रायपुर (छ.ग.)

फोन नं.— 77778—84998, 88710—07980

Web Add :- www.agrasencollege.net , E-mail :- info@agrasencollege.net

CAREER GUIDENCE EVAM TANAV MUKTI SEMINAR GIVEN TO SCHOOL (16-dec-18)

नवभारत (राजधानी)
पृष्ठ - 07
दिनांक - 18.12.18

रायपुर, मंगलवार, 18 दिसम्बर 2018 7

### जे.आर. दानी शासकीय कन्या शाला में कार्यशाला

## करियर गाइडेंस व तनाव से मुक्ति पर दिए टिप्स



नवभारत फोटो

नवभारत रिपोर्टर। रायपुर.

जे. आर. दानी शासकीय कन्या शाला में शुक्रवार को करियर गाइडेंस व परीक्षा के दिनों में तनाव से मुक्त रहने के टिप्स दिए गए. कार्यशाला में वक्ता के तौर पर अग्रसेन महाविद्यालय पुरानी बस्ती की प्राध्यापिका डॉ. डॉली पाण्डेय और कविता अग्रवाल ने अपने व्याख्यान के साथ ही छात्राओं की जिज्ञासाओं का भी समाधान किया. वहीं ममता यादव ने योग के माध्यम से जीवन में आने वाले परिवर्तन को रेखांकित किया.

योग प्रशिक्षक ममता यादव ने योग के माध्यम से विद्यार्थियों को शारीरिक और मानसिक रूप से तैयार रहने कहा. साथ ही टिप्स भी दिए. डॉ. डाली पाण्डेय ने गोल्डन रूल्स विद्यार्थियों के सामने रखे. उन्होंने कहा कि जिन्दगी में पांच बातों को अपनाएं. पहली स्वयं को परखो, दूसरी दृढ़ संकल्प, तीसरी मोटिवेशन, चौथी सही प्लान और पांचवीं समय प्रबंधन. जितनी अच्छी स्टडी होगी, 12वीं में सफलता आपके कदम चूमेगी. प्राध्यापक कविता अग्रवाल ने कहा कि 12वीं में आते ही सबकी नजर हम पर होती है. हर कोई सिर्फ समझाता है, बस पढ़ो. समय प्रबंधन के साथ पढ़ाई करते समय ब्रेक जरूरी होता है. ब्रेक का मतलब पूरा आराम है. कम से कम 6 घंटे सोना, ताकि परीक्षा के समय दबाव न बढ़े. उन्होंने चेकलिस्ट बनवाई एवं हर स्टेप पर कुछ रूल्स भी बताए. दोस्त के साथ कम रहना, नोट्स बनाना, नोट्स का रिवीजन, रोज अपनी पसंद के कार्य को समय देना. परीक्षा हॉल में स्ट्रेस फ्री एंट्री का तरीका बताया.

कार्यशाला में संस्था के उपप्राचार्य हितेश दीवान ने कहा कि लगातार पढ़ते रहने से तनाव बढ़ता है. चित्त स्थिर रखने और मन शांत करने के अलग-अलग तरीके हो सकते हैं. किसी को संगीत सुनने पर सुकून मिलता है तो किसी को व्यायाम करने से. रिलेक्स होने का ऐसा ही कोई तरीका चुनें. परीक्षा के दौरान सामान्य, सचेत और तरोताजा रहना स्वयं के हाथ में ही है. इस दौरान दिनचर्या में बहुत ज्यादा बदलाव करने की जरूरत नहीं है. बस पढ़ाई पर थोड़ा-सा फोकस बढ़ा दें. कुछ नया बिल्कुल न पढ़ें. सिर्फ रिवीजन करें, ताकि संबंधित टॉपिक्स की तस्वीर साफ होती रहे. कोशिश यह भी करें कि मॉडल पेपर की लगातार प्रैक्टिस करते रहें. इस अवसर पर शाला के शिक्षक चंद्रशेखर, संगीता अनम, पी. एल. सेन, प्रियंका वैष्णव आदि उपस्थित थे.

स्व.कमलादेवी नकछेद प्रसाद स्मृति......

# अग्रसेन महाविद्यालय

छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के महाराजाधिराज अग्रसेन शिक्षण समिति द्वारा संचालित पं. क्रं. छ.ग .2063

जैतूसाव मठ परिसर, पुरानी बस्ती रायपुर (छ.ग.)

फोन नं.— 77778—84998, 88710—07980

Web Add :- www.agrasencollege.net , E-mail :- info@agrasencollege.net

हरिभूमि, पृष्ठ - 14-15

दिनांक - 12.01.19

N.S.S. PROGRAME (DEHDAN)
12-jan-19

## देहदान के लिए किया प्रेरित



रायपुर। पुरानी बस्ती स्थित अग्रसेन महाविद्यालय में स्वयं सेवक छात्रों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि के रूप राज्य संपर्क अधिकारी एवं पदेन उपसचिव उच्चशिक्षा विभाग डॉ. समरेन्द्र सिंह ने कहा, एक बार यदि छात्र स्वयं सेवक के रूप में एनएसएस को अपनाता है और संकल्पित हो जाता है तो वह एनएसएस का हिस्सा हो या न हो तो एक सफल और अनुशासित जीवन जीता है। विशेष वक्ता के रूप में मौजूद एम्स रायपुर के देहदान के लिए नोडल अधिकारी डॉ. मृत्युजंय राठौर ने देहदान, नेत्रदान और रक्तदान का महत्व छात्रों को समझाया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. युलेंद्र कुमार राजपूत ने कहा, मानव के जीवन में सबसे बड़ा दान सेवादान है । इस मौके पर स्वयंसेवकों को बी और सी सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस प्रभारी कविता अग्रवाल ने किया। आभार प्रदर्शन सहप्रभारी दीपिका अवधिया ने किया।

स्व.कमलादेवी नकछेद प्रसाद स्मृति......

# अग्रसेन महाविद्यालय

छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के महाराजाधिराज अग्रसेन शिक्षण समिति द्वारा संचालित पं. क्रं. छ.ग .2063

जैतूसाव मठ परिसर, पुरानी बस्ती रायपुर (छ.ग.)

फोन नं.— 77778—84998, 88710—07980

Web Add :- www.agrasencollege.net , E-mail :- info@agrasencollege.net

## INTER COLLEGE TAIQUANDO COMPETITION(16-jan-19)

नवभारत (राजधानी)
पृष्ठ - 5
दिनांक - 16.01.19




# ताईक्वांडो में विप्र कॉलेज चैम्पियन

## अग्रसेन कॉलेज में हुई प्रतियोगिता में दस कॉलेज के 30 खिलाड़ी शामिल

■ नवभारत रिपोर्टर | रायपुर.

पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के तत्वावधान में अग्रसेन कॉलेज द्वारा इंटरकॉलेज ताईक्वांडो का आयोजन किया गया. इसमें दस कॉलेज के 30 प्रतिभागियों को कड़ी टक्कर देकर विप्र कॉलेज की टीम चैम्पियन बन गई. वहीं दूसरे स्थान पर दुर्गा कॉलेज की टीम रही. वजन वर्ग पर आधारित इस स्पर्धा में मोहनप्रताप सिंह, तुलाराम मांडले, पुरुषोत्तम राव्रे, भागवत पंडिय, राहुल तिवारी, राजेश कुमार और मनीष साहू ने स्वर्ण पदक हासिल कर रविवि टीम में चयन की दावेदारी कर दी. कॉलेज के क्रीड़ाधिकारी विश्वनाथ चंद्रवंशी ने बताया कि प्रतियोगिता में रायपुर सहित कुरुद, खिलाईगढ़, महंत कॉलेज, प्रगति कॉलेज, विवेकानंद कॉलेज मिलाकर कुल 10 कॉलेज के 30 खिलाड़ियों ने भागीदारी निभाई. प्रतियोगिता के सफल संचालन के



लिए तकनीकी सहयोग स्कूल गेम्स के जानकार संघों से ली गई. इसके चलते टीम चैम्पियनशिप में तीन स्वर्ण पदकों साथ विप्र महाविद्यालय रायपुर चैम्पियन बना. वहीं एक स्वर्ण और दो रजत पदकों के साथ दुर्गा महाविद्यालय की टीम दूसरे स्थान पर रही. प्रतियोगिता के रेफरी पैनल में बलराम पुरी, संतोष निर्मलकर, शशांक सोनकर, रियाज नवाज, मदन विश्वकर्मा और आसिफ खान शामिल थे.